रविवार, 12 जुलाई 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 32 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदयः 04:59 | सूर्यास्तः 18:24 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



जब बच्चा करे खाने में ना नुकर पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जब दिन नहीं बोलते तो इंसान जितना बोले उसकी कोई नहीं सुनता।

# ‘बंगाल में फिर से सिंगुर-नंदीग्राम जैसी स्थिति बनने नहीं देंगे’, शुभेंदु ने निवेशकों को दिया आश्वासन

**मुख्यमंत्री की घोषणा : निवेशकों के लिए भूमि नीति में बदलाव, सिंगल विंडो की मंजूरी**



**लक्स कोज़ी के नए संयंत्र के शिलान्यास समारोह के दौरान दीप प्रज्वलित करते मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी। साथ में उद्योग मंत्री तापस राय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, लक्स इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन अशोक तोदी तथा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर साकेत तोदी।**

### मुख्यमंत्री ने डानकुनी में लक्स कोजी के प्लांट का किया शिलान्यास, मिलेगा 9,000 लोगों को रोजगार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने उद्योगपतियों व निवेशकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बंगाल में फिर से सिंगुर-नंदीग्राम जैसी स्थिति बनने नहीं दी जाएगी। निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने में कोई समस्या नहीं होगी। इस बाबत भूमि नीति में बदलाव किया जाएगा। 100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए सिंगल विंडो मंजूरी व्यवस्था लागू की जाएगी ताकि उद्योगों को तेजी से अनुमति मिल सके। बंगाल में डबल इंजन सरकार में निवेश, रोजगार और विकास को नई गति मिलेगी। शनिवार को हुगली जिले के डानकुनी में लक्स कोजी इंडस्ट्रीज के दूसरे संयंत्र के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 600 करोड़ रुपये के निवेश से शुरू हो रही इस नई इकाई से करीब 9,000 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा और राज्य सरकार को हर वर्ष लगभग 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान है। जितना अधिक निवेश आएगा, उतने अधिक रोजगार सृजित होंगे। राज्य के लगभग एक करोड़ प्रवासी श्रमिकों के वापस लौटने की भी संभावनाएं बनेंगी।

शुभेंदु ने कहा कि राज्य इस समय लगभग आठ लाख करोड़ रुपये के कर्ज के बोझ तले दबा है और हर वर्ष करीब एक लाख करोड़ रुपये केवल ब्याज चुकाने में खर्च हो रहे हैं इसलिए सरकार का लक्ष्य निवेश बढ़ाकर राजस्व बढ़ाना और उद्योगों को मजबूत आधार देना है। कानून व्यवस्था में सुधार होने से कारोबार के लिए अनुकूल वातावरण बना है। उद्योगों से अवैध वसूली जैसी गतिविधियों पर कार्रवाई की जा रही है। सरकार का लक्ष्य राज्य को फिर से देश के प्रमुख निवेश केंद्रों में शामिल करना, उद्योगों के लिए पारदर्शी व्यवस्था तैयार करना और रोजगार के बड़े अवसर पैदा करना है।

मुख्यमंत्री ने सूचित किया कि आगामी 17 जुलाई को मेजिया में 15,000 करोड़ रुपये की इस्पात परियोजना का शिलान्यास होगा। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री की उपस्थिति में अमूल संयंत्र का उद्घाटन होगा और अगस्त में दुर्गापुर में 5,000 करोड़ रुपये की इस्पात परियोजना शुरू होगी। कलाइकुंडा और हाशिमारा हवाई अड्डों का संचालन भी शुरू कराया जाएगा। राज्य सरकार रेलवे, सड़क, हवाई अड्डों और अन्य आधारभूत ढांचे को भी तेजी से विकसित कर रही है ताकि उद्योगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**बेरोजगारी कम करने के लिए ‘त्रिशक्ति’ रोजगार मॉडल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में एक लाख सरकारी नौकरियों पर नियुक्तियां की जाएंगी। सभी नियुक्तियां पूरी तरह मेरिट के आधार पर होंगी और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। केवल सरकारी नौकरियों से बेरोजगारी की समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसी कारण राज्य सरकार रोजगार के तीन प्रमुख स्तंभों पर काम करेगी। इनमें मेरिट आधारित सरकारी नियुक्तियां, निजी क्षेत्र में बड़े निवेश के माध्यम से रोजगार सृजन तथा उद्यमियों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना शामिल है। राज्य में निवेश बढ़ने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के रोजगार के अवसर पैदा होंगे।




## वियतनाम में नौका पलटने से 15 भारतीय पर्यटकों की मौत




### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**हनोई :** वियतनाम के फू क्वोक द्वीप के पास शनिवार को एक नौका (स्पीडबोट) पलटने से 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई। हनोई स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की। दूतावास के अनुसार, नाव में 32 भारतीय पर्यटकों और स्थानीय चालक दल के चार सदस्यों सहित कुल 36 लोग सवार थे। इनमें से 21 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। फू क्वोक, वियतनाम का सबसे बड़ा द्वीप है और अपने सफेद रेतीले समुद्र तटों, प्रवाल भित्तियों तथा द्वीप भ्रमण के कारण प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। बताया गया है कि ये पर्यटक द्वीप भ्रमण से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। वियतनामी समाचार पोर्टल ‘वीएन एक्सप्रेस इंटरनेशनल’ के अनुसार, स्पीडबोट ’होन मे रुट नगोआई’ द्वीप से लगभग 400 मीटर दूर पलट गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद पर्यटक नौकाएं यात्रियों को बचाने के लिए पहुंचीं। बाद में सीमा सुरक्षा बल, नौसेना, तटरक्षक बल और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से व्यापक खोज एवं बचाव अभियान चलाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ यात्री पलटी हुई नाव के अंदर ही फंस गए थे, जिससे बचाव अभियान में काफी कठिनाई आई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी 15 पर्यटकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों में 10 तमिलनाडु, तीन आंध्र प्रदेश और दो केरल से थे। भारतीय दूतावास द्वारा ‘एक्स’ पर साझा की गई सूची के अनुसार, मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। दुर्घटना में जीवित बचे निर्मल कुमार ने ‘पीटीआई वीडियो’ से बातचीत में बताया, “एक बड़ी लहर नाव से टकराई। करीब 20 लोग बाहर निकल आए, लेकिन बाकी लोग अंदर फंस गए।”

## भारत-न्यूजीलैंड ने रणनीतिक साझेदारी को दी नई दिशा

**2030 तक 35 हजार करोड़ रुपये व्यापार का लक्ष्य**

**ऑकलैंड :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच शनिवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का फैसला किया। साथ ही वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 35 हजार करोड़ रुपये तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया।वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच 10 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें समुद्री सुरक्षा, नौसैनिक सहयोग, जल विज्ञान संबंधी आंकड़ों के आदान-प्रदान तथा अगले चार वर्षों के लिए व्यापक सहयोग की रूपरेखा शामिल है। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा समुद्री सुरक्षा संवाद शुरू करने पर भी सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड दो प्रमुख समुद्री राष्ट्र हैं और उनका घनिष्ठ सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को नई मजबूती देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।संयुक्त बयान में दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार का समर्थन किया। न्यूजीलैंड ने परिषद के विस्तार के बाद भारत की स्थायी सदस्यता के प्रति अपना समर्थन दोहराया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों की कड़ी निंदा करते हुए सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में पश्चिम एशिया और यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा हुई। पृष्ठ 7



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 जुलाई, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 22:28 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 08:27 तक, योग : वृद्धि, 20:01 तक, सूर्योदय: 04:59, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्रोदय : 02:55, चन्द्रास्त: 17:09, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 17:17 से 18:57

## साप्ताहिक : राशिफल
## 12-07-26 से 18-07-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** जुलाई का दूसरा सप्ताह मेष राशि के जातकों के लिए अच्छा रहेगा। आपको इस हफ्ते सिर दर्द या माइग्रेन की परेशानी हो सकती है। आर्थिक स्थिति को लेकर भी यह सप्ताह अच्छा है। प्रेम संबंधों की बात करें तो साथी संग रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। वैवाहिक संबंधों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गलतफहमियों को दूर करने का प्रयास करें। बिजनेस के लिहाज से भी सप्ताह अच्छा रहेगा। पार्टनर संग व्यापार को आगे बढ़ाने के बारे में प्लानिंग करेंगे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए नया सप्ताह मिला-जुला दिखाई दे रहा है। पेट दर्द या कील मुहांसे की समस्या परेशान कर सकती है। यह सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति के लिए अच्छा रहेगा। व्यापारियों का पार्टनर संग मेलजोल अच्छा रहेगा। वैवाहिक संबंधों में भी खुशियां दिखाई दे रही हैं। जीवनसाथी का सपोर्ट मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। नौकरीपेशा जातकों के लिए समय परेशानी वाला है। कार्यक्षेत्र में मेहनत करनी पड़ सकती हैं।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस राशि के जातकों के लिए आने वाला नया सप्ताह बढ़िया दिखाई दे रहा है। अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। आर्थिक स्थिति के लिए भी समय बढ़िया है। आप अपने प्रिय पात्र के संपर्क में रहेंगे। आपकी जिंदगी में रोमांस के अवसर आएंगे। गृहस्थ जीवन भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी की नौकरी में उन्नति होगी। छात्रों का मन पढ़ाई-लिखाई में कम लगेगा। हायर एजुकेशन वाले छात्रों का समय बढ़िया है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशान होने की जरुरत नहीं है। थोड़ी सावधानी बरतें। मौसम के बदलाव के चलते खांसी-जुकाम हो सकता है। इस सप्ताह आर्थिक स्थिति सही रहेगी।रुपये-पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। व्यर्थ के खर्च कम रहेंगे। व्यापारियों की पार्टनर संग किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। नौकरी वाले जातकों का ट्रांसफर हो सकता है। संबंधों के लिए यह सप्ताह कुछ परेशानी वाला रहेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस राशि के जातकों के लिए नया सप्ताह ठी-ठाक दिखाई दे रहा है। आपको इस सप्ताह अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। सर्दी-बुखार हो सकता है। आर्थिक स्थिति इस हफ्ते मध्यम रहेगी। व्यर्थ के खर्चों पर लगाम लगाएं। संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। साथी संग आनंदित समय बिताएंगे। वैवाहिक संबंधों के लिए समय बढ़िया है। जीवनसाथी का पूरा सपोर्ट मिलेगा। अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए मेहनत करनी होगी। सरकारी नौकरी वाले जातकों को मान-सम्मान मिलेगा। पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान देने की जरुरत है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। इस सप्ताह खान-पान पर विशेष ध्यान दें। आपको बाहर के भोजन से बचना होगा, वरना परेशानी हो सकती है। नए सप्ताह में व्यर्थ के खर्चों से दूर रहें। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। व्यापारियों की सभी योजनाएं कामयाब होती दिखाई दे रही हैं। नौकरी वाले जातको के लिए भी समय बढ़िया है। कार्य क्षेत्र में व्यस्त रहेगी। प्रेमी जातकों के लिए समय थोड़ा परेशानी वाला है। संभलकर चलें। वैवाहिक संबंध अच्छे बने रहेंगे। जीवनसाथी का बदला हुआ व्यवहार आपको परेशान कर सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए जुलाई का नया सप्ताह अच्छा है। बदलते मौसम के चलते अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। इस सप्ताह पेट दर्द या मुंह के छालों की समस्या हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, लेतिन खर्चें टेंशन बढ़ा सकते हैं। बिजनेस के लिहाज से समय खुशियों भरा है। आपको किसी यात्रा भी करनी पड़ सकती है। नौकरीपेशा वालों के लिए समय बढ़िया है। कार्यक्षेत्र में आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। प्रेम संबंधों के लिए समय कुछ खास नहीं है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सही रहेगा। पेट में जलन आपको परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। इस सप्ताह उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। बिजनेस अटके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरीपेशा जातकों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा है। हल्की-फुल्की नोंकझोक हो सकती है, लेकिन रिश्तों में मिठास भी बनी रहेगी। वैवाहिक संबंध अच्छे रहेंगे।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह धनु राशि के जातकों के लिए मध्यम रहेगा। आपकी सेहत बिगड़ सकती है, थोड़ा सावधान रहें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। इस सप्ताह आपकी इनकम में बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे रुके हुए सभी कार्य पूरे हो सकते हैं। बिजनेस करने वाले जातक यात्रा कर सकते हैं। नौकरी वाले जातको के लिए समय अच्छा रहेगा। उनका प्रमोशन हो सकता है। प्रेम संबंधों के लिए भी समय बढ़िया रहेगा। प्रेमी संग रोमांस में डूबे रहेंगे। शादीशुदा संबंधों में थोड़ी समस्या हो सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** जुलाई का नया सप्ताह आपके लिए मध्यम फलदायक रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। गृहस्थ जीवन के लिए यह समय अच्छा रहेगा, लेकिन तनाव आपके रिश्तों पर भी असर डालेगा। आपके पारिवारिक जीवन और सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हिम्मत रखने से सब काम बनेंगे। नौकरीपेशा लोगों के कामों में तेजी आएगी। झूठे आरोपों से बचकर रहें। अपने काम में सतर्कता बरतें। व्यापारी वर्ग के लिए सप्ताह उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह कुंभ राशि के जातकों के लिए खुशियों से भरा रहेगा। आपकी सेहत ठीक रहेगी। आपको गला दर्द या कंधे में चोट लग सकती है। वैवाहिक संबंधों संबंधों के लिए भी समय खुशियों भरा है। व्यर्थ के खर्च बढ़े रहेंगे। परंतु आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। प्रिय पात्र संग किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। इस सप्ताह आप कोई मकान या दुकान आदि खरीदने की योजना बना सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों को नए अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी वाले जातकों को प्रमोशन का तोहफा मिल सकता है। शिक्षा में मेहनत जारी रखें।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा समय लेकर आ रहा है। किसी प्रकार की कोई समस्या है तो मेडिकल चेकअप अवश्य करवाएं। आर्थिक स्थिति के लिए समय थोड़ा सावधानी वाला रहेगा। आप क्षमतानुसार ही धन खर्च करें। व्यापार करने वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा है। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल अवश्य मिलेगा। प्रिय पात्र से अच्छी मुलाकात होगी। वैवाहिक संबंध भी अच्छे बने रहेंगे। जीवनसाथी का दोस्ताना व्यवहार आपके दिल को छू सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय थोड़ा परेशानी वाला रहेगा।

# बटलर और ब्रुक के तूफान में उड़ा भारत

## इंग्लैंड ने 56 रन से हराकर 4-0 से जीती टी20 श्रृंखला



**साउथम्पटन :** जोस बटलर ने अपने पुराने आक्रामक अंदाज की झलक दिखाते हुए शानदार शतक जड़ा, जबकि कप्तान हैरी ब्रुक ने भविष्य के सितारे की तरह बल्लेबाजी करते हुए तूफानी पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को 56 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 4-0 की ऐतिहासिक क्लीन स्वीप पूरी कर ली। बटलर के 64 गेंदों में 131 रन और ब्रुक के 45 गेंदों में नाबाद 95 रन की बदौलत इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इस मुकाबले में पूरी तरह बेअसर नजर आया। बटलर और ब्रुक ने दूसरे विकेट के लिए 233 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारियों में शामिल हो गई। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने इस दौरे के सभी सात टी20 मुकाबलों में अपनी सबसे अच्छी बल्लेबाजी जरूर की, लेकिन जीत के लिए यह प्रयास काफी नहीं था। भारत की पारी 20 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन तक ही पहुंच सकी। इशान किशन ने 35 गेंदों में 56 रन और आलोचनाओं का सामना कर रहे तिलक वर्मा ने 25 गेंदों में 53 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका मिला, लेकिन उनकी पारियां टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सकीं। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 1601 दिनों से चला आ रहा शीर्ष स्थान का दबदबा भी समाप्त कर दिया। नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में भारत की यह सात मैचों में छठी हार (एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था) रही,। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस मैच से पहले ही निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा का संकेत दे दिया था। मैच में बटलर और ब्रुक ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। ब्रुक ने केवल 19 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि अनुभवी बटलर ने शतक तक पहुंचने के लिए 34 गेंदें लीं और अगले 50 रन केवल 17 गेंदों में पूरे कर दिए। उनकी पारी में 12 चौके और आठ छक्के शामिल रहे। यह 35 वर्षीय बटलर का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा शतक और करियर का सर्वोच्च स्कोर भी रहा।

## अल्काराज का 'ड्रॉप शॉट' मुझे मेरे 'शॉर्ट-आर्म' शॉट की तरह लगता है: गिल



**लंदन :** भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि उन्हें टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज के खेल में अपनी बल्लेबाजी की झलक दिखाई देती है और उन्होंने स्पेनिश खिलाड़ी के 'ड्रॉप शॉट' की तुलना अपने खास 'शॉर्ट-आर्म' शॉट से की। गिल ने शुक्रवार को विम्बलडन के पुरुष एकल सेमीफाइनल मुकाबले देखने पहुंचे। उन्होंने महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर की प्रशंसा की। उन्होंने खेल के उन दिग्गजों के नाम बताए जिन्हें वह अपने 'ड्रीम डिनर' में आमंत्रित करना चाहेंगे। आधुनिक टेनिस में अल्काराज का ड्रॉप शॉट सबसे प्रभावी रणनीतिक हथियारों में से एक माना जाता है जबकि गिल शॉर्ट-पिच गेंदों पर अक्सर 'शॉर्ट-आर्म' (पूरी बाजू के बजाय कोहनी को थोड़ा मोड़कर खेलना) शॉट खेलते हैं। गिल ने 'जियोस्टार' से कहा, ''अल्काराज का ड्रॉप शॉट मुझे क्रिकेट के 'शॉर्ट-आर्म जैब' की याद दिलाता है। मैं भी यह शॉट खेलता हूं और यह मेरा खास शॉट है। यह धोखा देने वाला और बेहद प्रभावी है।'' उन्होंने अपने 'ड्रीम डिनर' मेहमानों के बारे में सेरेना विलियम्स, फेडरर, क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के दिग्गज सर विवियन रिचर्ड्स का नाम लिया। उन्होंने कहा, ''सेरेना विलियम्स, रोजर फेडरर और फिर क्रिकेटरों में सर विवियन रिचर्ड्स और सचिन सर। ये चार दिग्गज हैं जिनके साथ मैं बैठकर डिनर करना चाहूंगा। '' गिल ने कहा, ''मुझे लगता है कि उनके साथ होने वाली बातचीत शानदार होगी। इन सभी ने अपने-अपने दौर में खेल पर दबदबा बनाया है और वे अपनी यात्रा से जुड़ा बहुत कुछ साझा कर सकते हैं। वह मेरे लिए एक 'ड्रीम डिनर' होगा। '' भारतीय कप्तान ने इस बार विम्बलडन का खिताब जीतने के लिए यानिक सिनर का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''मैं विम्बलडन जीतने के लिए सिनर का समर्थन कर रहा हूं। वह शानदार खिलाड़ी हैं और कोर्ट के अंदर और बाहर खुद को बेहतरीन तरीके से पेश करते हैं।''

## गौड़ के पांच विकेट से भारत ने महिला टेस्ट में इंग्लैंड पर कसा शिकंजा



**लंदन :** युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ के करियर के पहले पांच विकेट की बदौलत भारत ने एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 170 रन पर समेटकर मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। पहली पारी में 115 रन की बढ़त लेने के बाद भारतीय टीम ने चाय तक दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 30 रन बना लिए थे। स्मृति मंधाना 10 और शेफाली वर्मा 14 रन बनाकर क्रीज पर थीं। भारत की कुल बढ़त 145 रन हो गई है।दूसरे दिन इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। क्रांति गौड़ ने दिन के दूसरे ओवर में माइया बूचियर (23) को विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। इसके बाद उन्होंने एलिस कैप्सी को शानदार गेंद पर बोल्ड कर इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दीं। दूसरी ओर, तेज गेंदबाज सयाली सतघरे ने अनुभवी हीथर नाइट को पगबाधा आउट कर मेजबान टीम को 47 रन पर चौथा झटका दिया।संकट में फंसी इंग्लैंड की पारी को कप्तान नैट साइवर-ब्रंट (44) और एमी जोंस (52) ने संभालने की कोशिश की। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 84 रन जोड़कर भारतीय गेंदबाजों को कुछ देर तक परेशान किया। जोंस ने 59 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और कई आकर्षक शॉट लगाए, जबकि ब्रंट ने भी संयमित बल्लेबाजी की।हालांकि, स्पिनर स्नेह राणा ने एमी जोंस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद क्रांति गौड़ ने लॉरेन बेल का विकेट लेकर अपने टेस्ट करियर का पहला पांच विकेट लेने का कारनामा पूरा किया। इंग्लैंड की पूरी टीम दूसरे सत्र में महज 33 रन के भीतर अंतिम पांच विकेट गंवा बैठी।भारत की ओर से क्रांति गौड़ ने 37 रन देकर पांच विकेट झटके। स्नेह राणा और सयाली सतघरे ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ निभाया। भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से टीम ने मैच में अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है और अब उसकी नजर बड़ी बढ़त लेकर इंग्लैंड पर दबाव बढ़ाने पर है।

### क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप की छुट्टी लगभत तय, मोर्कल और डोएशे का कार्यकाल आगे बढ़ने का संकेत

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी सदस्यों के दो साल का अनुबंध इंग्लैंड के मौजूदा सीमित ओवरों के दौरे के बाद समाप्त हो जाएंगे जिसमें क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप का कार्यकाल आगे बढ़ने की संभावना बेहद कम नजर आ रही है। तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और सहायक कोच रयान टेन डोएशे के दो साल के अनुबंध भी खत्म हो रहे हैं, हालांकि दोनों के करार में विस्तार का प्रावधान है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से इन दोनों को बरकरार रखने की इच्छा जताई जा रही है। टी. दिलीप राहुल द्रविड़ के कोचिंग सदस्य का हिस्सा बनकर भारतीय टीम से जुड़े थे। वह टीम के लोकप्रिय सदस्यों में शामिल रहे हैं। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वाले उनके भाषण और हर मैच के बाद शुरू की गई 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक पदक' परंपरा के लिए उन्हें लंबे समय तक याद किया जाएगा। द्रविड़, विक्रम राठौड़ और पारस म्हाम्ब्रे के 2024 टी20 विश्व कप जीत के बाद अपने पद छोड़ने के बावजूद दिलीप टीम के साथ बने रहे। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद उन्हें एक साल का विस्तार दिया गया था, लेकिन अब उन्हें एक और साल का कार्यकाल मिलने की संभावना काफी कम है।

### मोदी ने न्यूजीलैंड में खेलों से जुड़ी प्रदर्शनी का दौरा किया

**ऑकलैंड :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को न्यूजीलैंड के अत्याधुनिक खेल उपकरणों और प्रौद्योगिकी से जुड़ी एक प्रदर्शनी का दौरा किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन न्यूजीलैंड के कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के सहयोग से किया जा रहा है। मोदी अपने तीन देशों के दौरे के अंतिम चरण में न्यूजीलैंड में हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री का न्यूजीलैंड का यह 40 वर्षों में पहला दौरा है। खेल उपकरण प्रदर्शनी में उनके साथ न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भी थे। मोदी ने एक्स पर लिखा, ''खेल हमेशा से भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते रहे हैं। इस साल हम इन जीवंत खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने का जश्न भी मना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''ऑकलैंड में प्रधानमंत्री लक्सन और मैं खेलों से जुड़ी एक प्रदर्शनी को देखने गए जहां हमने अत्याधुनिक खेल नवाचारों की एक श्रृंखला देखी। यह देखना अद्भुत था कि कैसे प्रौद्योगिकी और रचनात्मकता खेलों के भविष्य को आकार दे रही है और साथ ही हमारे दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ कर रही है।'' भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने इस प्रदर्शनी में लगाए गए उपकरणों का जायजा लिया।

## विश्व कप फाइनल की पिच के टुकड़ों को 450 डॉलर में बेचेगा फीफा ईस्ट

**रदरफोर्ड (अमेरिका) :** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा विश्व कप में कमाई करने का कोई मौका नहीं गंवा रही है और अब उसने उस पिच के टुकड़ों को बेचने का फैसला भी किया है जहां इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। फीफा पहले ही विश्व कप के टिकट और अन्य चीजों को ऊंची कीमतों पर बेचने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है और अब वह न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल में इस्तेमाल होने वाली पिच के प्रत्येक टुकड़े को 450 डॉलर (लगभग 43000 रुपये) की दर से बेच रहा है। फीफा के स्टोर के अनुसार प्रत्येक टुकड़े का आकार 17.5 गुणा 17.5 गुणा 17.5 है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह आंकड़ा इंच, सेंटीमीटर या मिलीमीटर में है। फुटबॉल के शासी निकाय ने यह जानने के लिए भेजे गए ईमेल का तुरंत जवाब नहीं दिया। फीफा की वेबसाइट पर लिखा गयाा है, ''फुटबॉल इतिहास के एक प्रामाणिक हिस्से को अपने पास संजोकर रखें, जो फीफा विश्व कप 2026 के (फाइनल की) पिच का एक टुकड़ा है।'' मैदान के यह टुकड़े हालांकि अमेरिका और यूरोप के पतों पर ही भेजे जाएंगे। फुटबॉल प्रेमी अभी से इसके लिए ऑर्डर कर सकते हैं और फाइनल के बाद उन्हें यह टुकड़े भेजे जाएंगे। फीफा फाइनल के लिए सामान्य टिकट 32,970 डॉलर तक में बेच रहा है। उन टिकटों की कीमत 34,500 डॉलर रखी गई है, जिनके साथ भोजन और पेय पदार्थों की सुविधा भी उपलब्ध है।

## दबंग दिल्ली ने यूटीटी में कोलकाता थंडरब्लेड्स पर 3-2 से दर्ज की रोमांचक जीत

**पणजी :** युवा खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्जी ने भारतीय टीम के अपने सीनियर साथी जी साथियान को सीधे गेमों में हरा दिया लेकिन सुतीर्था मुखर्जी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दबंग दिल्ली टीटीसी ने शनिवार को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में कोलकाता थंडरब्लेड्स को 3-2 से हरा दिया। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल सुतीर्था ने अपनी महिला युगल जोड़ीदार आयहिका मुखर्जी के खिलाफ बेहतर रणनीति और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 11-6, 11-2, 11-7 से सीधे गेमों में जीत दर्ज की और दिल्ली को बेहद करीबी मुकाबले में जीत दिलाई। अंतिम मुकाबले से पहले दिल्ली 5-7 से पीछे थी और उसे महिला एकल में क्लीन स्वीप की जरूरत थी। सुतीर्था ने दमदार प्रदर्शन करते हुए यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले दो मुकाबलों के बाद दोनों टीमों का स्कोर 3-3 से बराबर था, लेकिन मिश्रित युगल मुकाबले में दिल्ली की जीत ने उसे 5-4 की बढ़त दिला दी। पुरुष एकल के पहले मैच में दिल्ली के यूसुफ अब्देलअजीज (मिस्र) ने रोमानिया के एडुआर्ड इओनेस्कु को 6-11, 11-7, 11-4 से हराकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

इसके बाद महिला एकल में कोलकाता की जेंग जियान ने मारिया शियाओ को 11-3, 8-11, 11-9 से हराकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। मिश्रित युगल में साथियान और मारिया शियाओ की दिल्ली की जोड़ी ने अंकुर भट्टाचार्जी और जेंग जियान की कोलकाता की जोड़ी को 11-5, 7-11, 11-5 से हराकर दिल्ली को फिर बढ़त दिला दी। इसके बाद अंकुर भट्टाचार्जी ने शानदार खेल दिखाते हुए मुकाबले का रुख बदल दिया।

### प्रिथिका ने पहला विश्व कप कांस्य जीता, टीम स्पर्धा में रजत पदक से हासिल की दोहरी सफलता

**मैड्रिड :** भारत की 17 वर्षीय तीरंदाज प्रिथिका प्रदीप ने शानदार वापसी करते हुए दुनिया की 11वें नंबर की तीरंदाज तुर्किए की हजल बुरुन को 145-142 से हराकर मैड्रिड तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में अपने करियर का पहला व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। उन्होंने इसके साथ ही एक ही दिन में भारत के लिए दो पदक जीतकर यादगार प्रदर्शन किया। प्रिथिका ने ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तनीपार्थी के साथ मिलकर महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में भारत को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अपने पहले विश्व कप पदक मुकाबले में उन्होंने दबाव के बावजूद शानदार संयम दिखाया। पिछड़ने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। यह भारत के नए अमेरिकी कंपाउंड कोच डेव कजिंस के मार्गदर्शन में शानदार शुरुआत रही। कजिंस मैड्रिड विश्व कप से ठीक पहले भारतीय टीम से जुड़े थे। इससे पहले महिला कंपाउंड टीम फाइनल में भी प्रिथिका भारत की सबसे सफल तीरंदाज रहीं।

## मेरिनो फिर चमके, बेल्जियम पर करीबी जीत से स्पेन सेमीफाइनल में



**इंगलवुड :** मिकेल मेरिनो ने लगातार दूसरे मुकाबले में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरकर निर्णायक गोल दागा, जिससे स्पेन ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब सेमीफाइनल में स्पेन का सामना प्रबल दावेदार फ्रांस से होगा।मेरिनो 86वें मिनट में मैदान पर उतरे और केवल दो मिनट बाद ही बेल्जियम के गोलकीपर सेने लैमेंस की गलती का फायदा उठाते हुए विजयी गोल कर दिया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के खिलाफ भी इंजरी टाइम में निर्णायक गोल कर स्पेन को जीत दिलाई थी।स्पेन ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और 30वें मिनट में फैबियान रुइज़ ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, बेल्जियम ने 41वें मिनट में चार्ल्स डी केटेलेरे के हेडर के जरिए बराबरी हासिल कर ली। यह इस विश्व कप में पहला अवसर था जब स्पेन ने कोई गोल खाया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। बेल्जियम के नियमित गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस चोटिल होकर बाहर हो गए, जिसके बाद उनके स्थान पर आए सेने लैमेंस से हुई चूक का मेरिनो ने पूरा फायदा उठाकर स्पेन को जीत दिला दी।यह जीत स्पेन की मार्च 2023 से लगातार 37वीं अजेय मुकाबले की श्रृंखला का हिस्सा है। टीम 2010 में विश्व कप जीतने के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं, बेल्जियम की सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 18 मैचों से चली आ रही अजेय श्रृंखला भी समाप्त हो गई। अब स्पेन और फ्रांस के बीच सेमीफाइनल मुकाबले का इंतजार है।

## वर्ग पहेली नं. 3490

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 6 | ■ |
| ■ | 7 | | ■ | | ■ | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | 13 | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | 19 | | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | 24 | | | ■ |
| ■ | 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | 29 |
| 30 | | | 31 | | ■ | ■ | 32 | | |
| | ■ | 33 | | ■ | 34 | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) श्वासरुद्ध; निर्जीव, 4) दुर्गधपूर्ण 7) एक पालतू चौपाया, 8) पर्यन्त, 10) अल्पतम, 12) कवच, 14) नख़रा; गर्व, 16) कृतान्त, 18) लोकव्यवहार नियम, 21) परिणाम, 22) जलन, 23) शीर्षक *(लेख का)*, 24) भिड़ंत, 25) आसक्त, 27) अन्यथा, 28) चौकी, 30) जगज्जेता सम्राट, 32) व्याधिग्रस्त, 33) झुका, 34) दुश्मनी.

*ऊपर से नीचे:-* 2) जिसपर किसी का प्रभाव हो, 3) खँडहर टीला, 4) लड़की, 5) समझना, 6) मग्न, 9) बहते पानी का मंदध्वनि, 10) विधिपूर्वक, 11) डरना, 12) पूरा; संपूर्ण, 13) जिद, 15) प्रवासवर्णन, 17) जलसा, 19) प्रसिद्ध, 20) कंठगत करना, 26) तलहटी; कमीज़ पल्ला, 29) क्यों; निमित्त; मिस, 30) जीवनकाल, 31) गाना, 32) व्यतीत *(समय)*.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | कि | ता | ब | ■ | ज | हाँ | त | हाँ |
| भि | ■ | रा | ■ | द | ला | ल | ■ | नि | ■ |
| रु | प | या | ■ | त | ■ | ह | क़ी | क | त |
| चि | ट | ■ | त | र | का | री | ■ | ■ | ज |
| ■ | क | टी | ला | ■ | हि | ■ | म | ज़ा | र |
| हि | ना | ■ | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | बा |
| फ़ा | ■ | अ | ग | स्त | ■ | ■ | या | चि | का |
| ज | बा | न | ■ | ग | ली | ■ | ल | ■ | र |
| त | ■ | ल | ज्जि | त | ■ | उ | म | र | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3456

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | | | | | | |
| | 1 | | | 4 | | | 5 | 3 |
| | 5 | | | 3 | 8 | | 7 | |
| | | 1 | | | 2 | 9 | 8 | 4 |
| | 9 | | 3 | | | | | 2 |
| 2 | | | 7 | | 4 | | | |
| | | | | 5 | | 4 | | |
| 5 | | | 4 | 1 | 3 | 6 | | |
| 7 | | 6 | 8 | | | | 3 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3455 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 |
| 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 | 4 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |

# अवैध शराब और नशे के अड्डों पर कार्रवाई का निर्देश, मुख्यमंत्री ने पुलिस को दिया 2 हफ्ते का समय

❑ **शुभेंदु अधिकारी ने सूर्यपुर हाट के पास नव निर्मित पुलिस चौकी का किया उद्घाटन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पूरे राज्य में अवैध शराब, गांजा, चरस और अन्य मादक पदार्थों के अड्डों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों के पीछे अवैध नशे के कारोबार की बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्होंने पुलिस को अगले दो सप्ताह के भीतर व्यापक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।




शनिवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सूर्यपुर हाट के पास नव निर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। इस चौकी में आउटपोस्ट प्रभारी के लिए अलग कक्ष, शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था, महिला पुलिस अधिकारी की नियमित तैनाती, लाकअप तथा रिजर्व फोर्स के ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। इस मौके पर, मुख्यमंत्री ने राज्य पुलिस के महानिदेशक सिद्धिनाथ गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि विशेष अभियान के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए। विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपकर अवैध शराब और मादक पदार्थों के सभी अड्डों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब, गांजा, चरस या अन्य नशीले पदार्थों के अड्डों की जानकारी हो तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष कार्यबल लगातार कार्रवाई कर रहा है, लेकिन अब ग्रामीण इलाकों में भी ऐसे ठिकानों को पूरी तरह समाप्त करना जरूरी है, ताकि समाज को नशे की बुराई से बचाया जा सके।










# डानकुनी में लक्स कोजी के मेगा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास

❑ एशिया के बड़े गारमेंट हब के रूप में विकसित होगा प्लांट
❑ 600 करोड़ के निवेश से बनेगा अत्याधुनिक प्लांट

**कोलकाता :** लक्स कोजी ग्रुप ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के डानकुनी में अपनी नई अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की आधारशिला रखी। करीब 600 करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाली यह परियोजना कंपनी के विकास सफर में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह प्लांट एशिया के सबसे बड़े गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग हब में से एक के रूप में विकसित किया जाएगा।

आधारशिला समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, राज्यसभा सांसद और भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य तथा राज्य के उद्योग, वाणिज्य एवं उद्यम विभाग के मंत्री तापस रॉय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, कारोबारी साझेदार और लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड की नेतृत्व टीम भी मौजूद रही।



लक्स कोजी के प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, उद्योग मंत्री तापस राय, श्रम एवं परिवहन मंत्री अर्जुन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शरद्वत मुखर्जी, भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, चेयरमैन अशोक तोदी व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर साकेत तोदी।

डानकुनी स्थित मौजूदा 8 लाख वर्ग फुट की सुविधा का विस्तार कर इसे करीब 20 लाख वर्ग फुट के विशाल मैन्युफैक्चरिंग कैंपस में बदला जाएगा। नई यूनिट के शुरू होने के बाद उत्पादन क्षमता में अतिरिक्त 20 करोड़ पीस सालाना की वृद्धि होगी, जिससे कंपनी की कुल वार्षिक क्षमता करीब 36 करोड़ पीस तक पहुंच जाएगी। इस परियोजना से पश्चिम बंगाल में रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इससे करीब 3,000 प्रत्यक्ष और 6,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की उम्मीद है।

लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन **अशोक तोदी** ने कहा कि यह निवेश केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाने का कदम नहीं है, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य में विश्वास और विश्वस्तरीय मैन्युफैक्चरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर **साकेत तोदी** ने कहा कि नई सुविधा कंपनी को उपभोक्ता मांग के अनुरूप तेजी से उत्पादन करने, संचालन क्षमता बढ़ाने और इनरवियर एवं अपैरल उद्योग में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करेगी।

लक्स कोजी ग्रुप के वित्तीय सलाहकार सौरभ भुडोलिया ने बताया कि डानकुनी प्लांट आधुनिक मशीनों के इस्तेमाल से उत्पादन प्रक्रिया को बेहतर बनाएगा, अपव्यय कम करेगा और लागत दक्षता बढ़ाएगा।

## ग्रीन लाइन की मेट्रो सेवा आज शाम 4:30 बजे से होगी शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन पर आज रविवार को मेट्रो सेवाएं सुबह 9 बजे के बजाय शाम 4:30 बजे से शुरू होंगी। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार, कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा ग्रीन लाइन पर ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन टेस्टिंग के निरीक्षण के चलते सेवा के समय में बदलाव किया गया है। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि रविवार को ग्रीन लाइन पर ट्रेन संचालन शाम 16:30 बजे से शुरू होगा। हालांकि, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टर्मिनल स्टेशनों से चलने वाली आखिरी मेट्रो सेवाओं के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## यस बैंक की क्रेडिट ताकत को घरेलू और ग्लोबल एजेंसियों ने पहचाना

**कोलकाता :** यस बैंक ने बताया कि उसे देश और दुनिया की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों से कई सकारात्मक रेटिंग अपग्रेड मिले हैं। ये रेटिंग बैंक की लगातार मजबूत होती वित्तीय स्थिति और बेहतर ऋण साख को दर्शाती हैं। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पहली बार यस बैंक को 'बीबी+ (स्थिर आउटलुक)' की दीर्घकालिक जारीकर्ता (इश्यूअर) क्रेडिट रेटिंग दी है। वहीं रेटिंग मूडीज़ द्वारा भई 2026 में बैंक की रेटिंग 'बीए2' से बढ़ाकर 'बीए1' (स्थिर) किए जाने के अनुरूप है। इस पर टिप्पणी करते हुए यस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) विनय एम. टोंसे ने कहा, देश और दुनिया की प्रमुख रेटिंग एजेंसियों द्वारा किए गए ये रेटिंग अपग्रेड यस बैंक की मजबूत स्थिति और लाभप्रदता की दिशा में हमारी लगातार प्रगति की स्वतंत्र पुष्टि हैं।

## गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने 'पार्क एवेन्यू फ्रेग्रेंसेज़' पोर्टफोलियो का किया और विस्तार

**कोलकाता :** भारत में महिलाओं के बीच प्रीमियम फ्रेग्रेंस (सुगंध) की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रमुख पुरुष फ्रेग्रेंस और ग्रूमिंग ब्रांड 'पार्क एवेन्यू फ्रेग्रेंसेज़' ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए महिलाओं के परफ्यूम श्रेणी में प्रवेश किया है। कंपनी ने 'पार्क एवेन्यू फॉर हर' रेंज लॉन्च की है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, समीर सूर्यवंशी (हेड ऑफ मार्केटिंग - पर्सनल केयर, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड - जीसीपीएल) ने कहा, भारत का फ्रेग्रेंस मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। यह बदलाव इस कैटेगरी में प्रीमियम प्रोडक्ट्स की मांग को बढ़ा रहा है और महिलाओं के परफ्यूम सेगमेंट में भी एक मजबूत गति पैदा कर रहा है, जहाँ महिला उपभोक्ता एक परिष्कृत (सोफिस्टिकेटेड) और लंबे समय तक टिकने वाली खुशबू की तलाश में हैं।

## एल एंड टी फाइनेंस का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 902 करोड़ रुपये पर

**कोलकाता :** एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने 30 जून, 2026 को समाप्त पहली तिमाही के लिए 902 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया है, जो साल-दर-साल आधार पर 29% अधिक है। इस तिमाही के दौरान, एल एंड टी फाइनेंस ने 1,29,634 करोड़ रुपये की अब तक की सबसे बड़ी कंसोलिडेटेड बुक का माइलस्टोन हासिल किया, जो साल-दर-साल 27% की वृद्धि है। वित्तीय नतीजों पर टिप्पणी करते हुएएल एंड टी फाइनेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, सुदीप्त रॉय ने कहा, वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही हमने भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव और कर्ज लेने की ऊंची लागत वाले बदलते मैक्रो-इकोनॉमिक माहौल के बीच अनुशासित तरीके से काम करने पर ध्यान केंद्रित किया।

## हावड़ा के बेलिलियस रोड व नरसिंह दत्त रोड पर चला अतिक्रमण अभियान-तैनात रहा भारी पुलिस व केंद्रीय बल

**हावड़ा :** हावड़ा नगर निगम व हावड़ा सिटी पुलिस ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। शनिवार को की दोपहर बेलिलियस रोड से लेकर बेंटरा के नरसिंह दत्त रोड तक सड़कों के किनारे अवैध रूप से बनी दुकानों व गुमटियों पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती रही। केंद्रीय बलों ने भी सुरक्षा संभाला। हावड़ा मैदान के निकट फांसीतला मोड़ से जामा मस्जिद के बीच बेलिलियस रोड पर कार्रवाई की गई। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो पहले ही दुकानदारों को जगह खाली करने की नोटिस दी गई थी। सिर्फ बेलिलियस रोड पर ही करीब 45 अवैध गुमटियों और दुकानों के बढ़े हुए हिस्सों को तोड़ा गया। पुलिस, निगम की टीम नरसिंह दत्त रोड भी गई जहां कई स्थायी और अस्थायी अवैध निर्माणों को हटाया गया। वहीं कुछ जगहों पर थोड़ा तनाव भी फैला। स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध किया लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि रोजी रोटी पर इस प्रकार से कार्रवाई से पहले पुनर्वास की आवश्यकता को जानी चाहिए थी। अतिक्रमण अभियान से अन्य लोगों में भी भय व्याप्त है।



## कोलकाता हवाई अड्डा परिसर में स्थित मस्जिद में तीन दिन तक नमाज अदा करने पर रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर में स्थित 130 वर्ष से अधिक पुरानी गौरीपुर जामा मस्जिद में मरम्मत कार्य के कारण शनिवार से तीन दिन के लिए नमाज अदा करने पर रोक लगा दी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि मस्जिद में दो से तीन दिन तक निर्माण कार्य होगा। इसी कारण इस अवधि में नमाज के लिए लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। दमदम उत्तर से भाजपा के विधायक सौरव सिकदर ने आरोप लगाया कि हवाई अड्डा परिसर में मस्जिद होने के कारण दोनों रनवे का पूरी क्षमता से इस्तेमाल नहीं हो पा रहा और इससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी पैदा होती हैं। उन्होंने दावा किया कि नमाज के लिए आने वाले लोगों को हवाई अड्डे का पास या पृष्ठभूमि सत्यापन कराने की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डा एक सुरक्षित क्षेत्र होता है। वहां प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति के पास फोटो वाला बायोमेट्रिक पास होना जरूरी है। यह मस्जिद सबसे उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र यानी लेवल-3 में स्थित है। सिकदर ने कहा कि इस हवाई अड्डे से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जैसे अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के अलावा हर महीने लाखों यात्री आते-जाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने यह मुद्दा अधिकारियों के सामने उठाया है और दावा किया है कि मौजूदा व्यवस्था से सुरक्षा संबंधी खतरा हो सकता है।

## आरजी कर कांड में नया मोड़ : विसरा नमूनों से छेड़छाड़ का आरोप

❑ सियालदह अदालत ने सीबीआई को जांच का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में अब विसरा नमूनों और फोरेंसिक रिपोर्ट से कथित छेड़छाड़ के आरोपों की भी सीबीआई जांच होगी। सियालदह के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने पीड़िता के स्वजन की याचिका स्वीकार करते हुए सीबीआई को इस पहलू की जांच करने का निर्देश दिया है। अदालत ने जांच अधिकारी से 30 जुलाई तक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। याचिका में एक पूर्व फोरेंसिक कर्मी के पत्र का हवाला दिया गया है। पत्र में, दावा किया गया कि पीड़िता के शरीर से लिए गए विसरा नमूने बदल दिए गए थे और राज्य फोरेंसिक प्रयोगशाला में उन्हें नष्ट कर दिया गया। आरोप यह भी है कि बाद में वही कथित रूप से नष्ट किए गए नमूने केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला भेजे गए। इन आरोपों के आधार पर पीड़िता के स्वजन ने स्वतंत्र जांच की मांग की थी। अदालत ने जीआरओ को निर्देश दिया है कि संबंधित दस्तावेज गोपनीय रूप से सीलबंद लिफाफे में मामले के जांच अधिकारी को सौंपे जाएं। साथ ही, उनकी प्रतियां भी सीलबंद लिफाफे में न्यायालय के अभिलेख के साथ सुरक्षित रखी जाएं।

## मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में एक्सपायरी सलाइन विवाद, पांच कर्मियों को कारण बताओ नोटिस

**कोलकाता/पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक रोगी को कथित रूप से अवधि समाप्त (एक्सपायरी) सलाइन चढ़ाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच तेज करते हुए पांच कर्मचारियों एवं अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेदिनीपुर शहर के विद्यासागर पल्ली निवासी मानसी दे गत पांच जून से विभिन्न शारीरिक समस्याओं के कारण मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती हैं। उनका उपचार अस्पताल के नये भवन स्थित महिला वार्ड में चल रहा था। आरोप है कि अवधि समाप्त सलाइन मरीज को चढ़ाई जा रही थी। मामले की जानकारी तत्काल अस्पताल प्रशासन को दी गई, जिसके बाद रोगिणी को दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य भवन से एक प्रतिनिधि दल तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने अस्पताल पहुंचकर विस्तृत जांच की। जांच दल ने सीसीयू में भर्ती मरीज और उनके पुत्र से बातचीत की। इसके साथ ही मेडिकल स्टोर कक्ष में सलाइन के भंडारण, आपूर्ति व्यवस्था और संबंधित अभिलेखों की भी जांच की गई। जांचकर्ताओं ने अस्पताल प्रशासन, नर्सिंग अधीक्षक, संबंधित महिला वार्ड में कार्यरत नर्सों तथा उपचाररत चिकित्सक के बयान भी दर्ज किए। घटना के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के बाद एक प्रारंभिक प्रतिवेदन तैयार कर स्वास्थ्य मंत्री तथा स्वास्थ्य भवन को सौंप दिया गया है।

इसी क्रम में, स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार की रात इस मामले में पांच कर्मचारियों एवं अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। संबंधित व्यक्तियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है।

## द हेरिटेज स्कूल की शानदार उपलब्धि, रोशनी हमीरवासिया ने 45/45 अंक हासिल कर बनीं आईबी ग्लोबल टॉपर


रुशिल चारी


रोशनी हमीरवासिया


भाव्या सराफ

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज स्कूल ने इंटरनेशनल बैकलॉरिएट डिप्लोमा प्रोग्राम (आईबीडीपी) मई 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। स्कूल की छात्रा रोशनी हमीरवासिया ने पूर्ण 45/45 अंक हासिल कर आईबी डिप्लोमा प्रोग्राम में ग्लोबल टॉपर का गौरव हासिल किया है। वह कोलकाता की एकमात्र छात्रा हैं, जिन्होंने इस परीक्षा में यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। रोशनी के अलावा स्कूल के अन्य छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। रुशिल चारी ने 44/45 अंक प्राप्त कर द हेरिटेज स्कूल में दूसरा सर्वोच्च स्कोर दर्ज किया, जबकि भाव्या सराफ ने 41/45 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मई 2026 सत्र में आयोजित आईबी डिप्लोमा परीक्षा में 157 देशों के 1,94,541 छात्रों ने भाग लिया। इस परीक्षा का वैश्विक औसत स्कोर 30.45 अंक रहा, जबकि कुल पास प्रतिशत 81.26 फीसदी दर्ज किया गया। ऐसे में हेरिटेज स्कूल के छात्रों का प्रदर्शन वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय माना जा रहा है। द हेरिटेज स्कूल ने बताया कि संस्थान छात्रों में जिज्ञासा, नवाचार और समग्र विकास को बढ़ावा देने वाले शिक्षण माहौल के निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत है। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कोलकाता के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, आईबी डिप्लोमा प्रोग्राम में छात्रों की यह उपलब्धि स्कूल की शैक्षणिक दृष्टि और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा प्रयास छात्रों को वैश्विक स्तर पर सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करना है।

## गर्भवती महिला से मारपीट के आरोप में पूर्व टीएमसी पार्षद और उसका सहयोगी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के वार्ड 129 के पूर्व तृणमूल कांग्रेस पार्षद अंजन दास और उनके सहयोगी भोला सरकार को एक गर्भवती महिला के साथ कथित मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और प्रताड़ित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता विजया घोष ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2020 में भाजपा समर्थक होने के कारण राजनीतिक दुश्मनी के चलते उनके परिवार पर कई बार हमला किया गया और उन्हें धमकियां दी गईं। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि उस दौरान गर्भवती होने के बावजूद अंजन दास ने उनके पेट में लात मारी थी। साथ ही, वह उनके घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी भी देता था। विजया घोष का आरोप है कि इस घटना के बाद पूरा परिवार गंभीर मानसिक तनाव से गुजरने लगा। उन्होंने दावा किया कि मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर उनके ससुर ने आत्महत्या का भी प्रयास किया था। सरकार बदलने के बाद विजया घोष ने हाल ही में पर्णश्री थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और शनिवार को पूर्व पार्षद अंजन दास तथा उनके सहयोगी भोला सरकार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अंजन दास को मेडिकल जांच के लिए विद्यासागर अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान अस्पताल के बाहर स्थानीय लोगों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पुलिस वाहन को घेर लिया और 'चोर-चोर' के नारे लगाए। हालांकि, पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

## घाटाल में पत्नी पर जानलेवा हमला, आरोपित पति गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के घाटाल केंद्रीय बस स्टैंड क्षेत्र में एक महिला पर धारदार हथियार से हमले की घटना से सामने आई है। आरोप है कि पति ने अपनी पत्नी का गला काटकर हत्या का प्रयास किया। गंभीर रूप से घायल महिला को घाटाल महकमा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल महिला की पहचान पियू मंडल के रूप में हुई है। उनका विवाह कुछ वर्ष पूर्व रिंटू मंडल के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही दोनों के बीच पारिवारिक कलह चल रही थी। इसी कारण दोनों लंबे समय से अलग-अलग रह रहे थे। पियू मंडल घाटाल के कृष्णनगर स्थित अपने मायके में रह रही थीं, जबकि रिंटू मंडल का घर घाटाल के कुशपाता क्षेत्र में है। बताया गया है कि शुक्रवार की शाम पियू मंडल अपनी बहन के साथ बाजार गई थीं। उसी समय रिंटू मंडल ने पीछे से आकर उन पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। हमले में पियू के गले में गंभीर चोट लगी और वह रक्तरंजित अवस्था में सड़क पर गिर पड़ीं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें बचाकर घाटाल महकमा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही घाटाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित रिंटू मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

## फरार तृणमूल नेता की पत्नी ने ग्रामीणों को लौटाई कटमनी

❑ आवास योजना, अम्फान पीड़ितों से वसूली गई थी रकम

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के फलता क्षेत्र में फरार तृणमूल नेता एवं बेलसिंघा क्षेत्र के पूर्व तृणमूल अध्यक्ष गुरुपद मंडल की पत्नी ने ग्रामीणों को कथित कटमनी की रकम लौटाई। स्थानीय लोगों के अनुसार, शनिवार को गुरुपद मंडल की पत्नी सुचित्रा मंडल ने दो अन्य लोगों की मौजूदगी में करीब साढ़े आठ लाख रुपये ग्रामीणों के बीच वापस किए। रकम मिलने के बाद लाभार्थियों ने राहत जताई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तृणमूल शासन के दौरान गुरुपद मंडल, जांहगीर खान के करीबी सहयोगी के रूप में इलाके में प्रभावशाली थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने आवास योजना के लाभार्थियों से 20 हजार से 60 हजार रुपये तक कटमनी वसूली थी। कई मामलों में सरकार से मिलने वाली 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि में से आधी रकम तक कथित तौर पर ले ली गई। अम्फान चक्रवात में क्षतिग्रस्त मकानों के पीड़ितों से भी 20 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सत्ता परिवर्तन के बाद गांव लौटे लोगों ने अन्य निवासियों के साथ मिलकर कटमनी लौटाने की मांग की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, गुरुपद मंडल की पत्नी सुचित्रा मंडल, सहदेव मलिक और दीपंकर मलिक ने ग्रामीणों को कथित रूप से वसूली गई राशि का एक हिस्सा लौटाया।



## न्यूज अपडेट

### हावड़ा में दो दिवसीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन, भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की उठी मांग



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शरत सदन प्रेक्षागृह में शनिवार से दो दिवसीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन का शुभारंभ हुआ। अधिवेशन में पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से पहुंचे साधु-संतों, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सनातन धर्म के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग उठाई। इस दौरान घर वापसी, सनातन परंपरा के प्रचार-प्रसार और समाज को संगठित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। आयोजकों के अनुसार, अधिवेशन का आयोजन आदि गुरु शंकराचार्य की संस्था पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी पश्चिम बंगाल शाखा, एस्ट्रोलॉजर संगठन और आर्यमाता संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। आयोजन से जुड़े प्रेमचंद्र झा ने कहा कि कई देशों की पहचान उनके बहुसंख्यक धर्म के आधार पर है, इसलिए भारत को भी हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग को लेकर यह अधिवेशन आयोजित किया गया है। पहले दिन विभिन्न जिलों से आए साधु-संतों ने भी इस मुद्दे पर अपने विचार रखे।

### दुर्गापुर स्टील प्लांट में हादसा, मजदूर की मौत

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर स्टील प्लांट (डीएसपी) में शुक्रवार की देर रात एक बेहद दर्दनाक औद्योगिक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान शेख साहिदुल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रात करीब 1:30 बजे कार्य के दौरान वह अचानक पिघले हुए स्टील से भरे लेडल में गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अत्यधिक तापमान के कारण उनका शरीर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना के बाद पूरे प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सहकर्मी और डीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। औपचारिक प्रक्रिया के तहत उन्हें प्लांट के मेडिकल विभाग ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। डीएसपी प्रबंधन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और कहीं सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही, तकनीकी खराबी या कार्यस्थल पर किसी अन्य कारण की भूमिका तो नहीं रही।

### शंकरपुर से समुद्र में लापता 15 मछुआरे बाघेरचर द्वीप पर सुरक्षित मिले

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के शंकरपुर से ट्रॉलर सहित लापता हुए 15 मछुआरों का शनिवार को दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप क्षेत्र स्थित बाघेरचर द्वीप के निकट पता चल गया। सभी मछुआरे सुरक्षित बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार, गत 6 जुलाई को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए मछुआरों से संपर्क टूट गया था, जिसके बाद उनके परिजनों और स्थानीय मछुआरा संगठनों में चिंता बढ़ गई थी। शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे उनके ठिकाने की जानकारी मिली। शंकरपुर फिशरमैन एंड फिश ट्रेडर्स एसोसिएशन के सचिव स्वदेश रंजन नायक ने बताया कि ट्रॉलर के इंजन में पानी भर जाने के कारण वे समुद्र में फंस गए थे। वर्तमान में, सभी मछुआरे काकद्वीप के बाघेरचर क्षेत्र से लगभग दो किलोमीटर दूर हैं। उन्हें वापस लाने के लिए शंकरपुर से एक लांच भेजी गई है।

❑ बंगाल की खाड़ी में डूबा 'अल फातेहा' ट्रॉलर, 12 मछुआरों की बची जान

बंगाल की खाड़ी में खराब मौसम के बीच मछली पकड़ने गए एक ट्रॉलर के डूब जाने से 12 मछुआरों की जान पर बन आई। दक्षिण 24 परगना के बक्खाली तट से करीब 12 से 14 किलोमीटर दूर यह हादसा हुआ। ऊंची लहरों और तेज धार के बीच मछुआरों ने समुद्र में कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। बाद में, आसपास मौजूद कई ट्रॉलर ने सभी 12 मछुआरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उन्हें फ्रेजरगंज लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई। फ्रेजरगंज से निकला 'अल फातेहा' नामक ट्रॉलर बक्खाली के समीप पहुंचने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रॉलर में तेजी से पानी भरने लगा, जिसके बाद चालक दल के सभी सदस्य समुद्र में कूद गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रॉलर की मशीन से जुड़ी वह पाइप टूट गई, जिससे भीतर का पानी बाहर निकाला जाता है। पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण लगातार पानी भरता गया और ट्रॉलर डूब गया।

### कोलाघाट में यात्री बस से 23 किलो गांजा बरामद, तीन महिला समेत चार गिरफ्तार



**पूर्व मेदिनीपुर :** ओडिशा से कोलकाता गांजा तस्करी के एक बड़े प्रयास को पूर्व मेदिनीपुर जिले की कोलाघाट थाना पुलिस ने विफल कर दिया। शुक्रवार की देर रात पुलिस ने कोलाघाट के शरत सेतु के निकट एक यात्री बस में छापेमारी कर लगभग 23 किलो गांजा बरामद किया। साथ ही, इस मामले में तीन महिलाओं सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ओडिशा से कोलकाता की ओर एक बस के माध्यम से गांजा तस्करी किए जाने की गुप्त सूचना पहले ही प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर कोलाघाट थाना पुलिस ने एक टीम के साथ शरत सेतु के समीप निगरानी बढ़ा दी और संदिग्ध वाहनों की जांच प्रारंभ कर दी। निर्धारित बस के कोलाघाट पहुंचते ही पुलिस की टीम ने उसे घेर लिया तथा सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान बस से लगभग 23 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके बाद, गांजा तस्करी में संलिप्तता के संदेह में एक पुरुष और तीन महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि तस्करी के इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा बरामद गांजा कोलकाता में किसे पहुंचाया जाना था।

### प्लास्टिक सामग्री के भंडारण स्थल में आग, बड़ा हादसा टला

**कोलकाता :** काशीपुर थाना क्षेत्र के 22/4ए, खगेन चटर्जी रोड स्थित प्लास्टिक सामग्री के भंडारण स्थल में शनिवार तड़के करीब 2:15 बजे आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारणों तथा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

# इंद्रजीत मंडल की हत्या 'लिंचिंग' नहीं, पहचान सुनिश्चित करने के बाद मारा : शुभेंदु अधिकारी

- मुख्यमंत्री ने बारुईपुर हिंसा में मारे गए व्यक्ति के परिजन को नौकरी और 25 लाख रुपये की सहायता प्रदान की
- मुख्यमंत्री ने दुष्कर्म-हत्या पीड़िता के परिवार से भी मुलाकात की



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने 11 वर्षीय एक लड़की का शव बरामद होने के बाद इंद्रजीत मंडल की हुई हत्या को शनिवार को 'लिंचिंग' (भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या) मानने से इनकार करते हुए कहा कि 'हत्या' से पहले इंद्रजीत मंडल की पहचान सुनिश्चित कर ली गई थी। मुख्यमंत्री अधिकारी ने आरोप लगाया कि बारुईपुर में तालाब से शव मिलने के बाद भड़की हिंसा में कट्टरपंथी सांप्रदायिक ताकतों या चुनाव में जनता द्वारा नकारे गए लोगों का हाथ हो सकता है। शुभेंदु अधिकारी ने मारे गए व्यक्ति के परिजन को नौकरी का नियुक्ति पत्र और 25 लाख रुपये का चेक सौंपने के बाद यह टिप्पणी की। इससे पहले उन्होंने मृत बच्ची के माता-पिता से उनके घर पर मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इंद्रजीत की मौत भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मार डालने के कारण नहीं हुई। उसकी हत्या से पहले उसकी पहचान सुनिश्चित कर ली गई थी। शुभेंदु ने कहा कि मंडल के बड़े भाई को नागरिक स्वयंसेवक के पद का नियुक्ति पत्र और उसके माता-पिता को 25 लाख रुपये का चेक सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि 35 वर्षीय एक व्यक्ति को मार डाला गया और उसके हत्यारों के लिए कोई सहानुभूति या नरमी नहीं बरती जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हो सकता है कि चुनाव में जनता द्वारा नकारे गए लोगों ने हिंसा भड़काई हो। इसके अलावा, मैं कट्टरपंथी सांप्रदायिक ताकतों की मौजूदगी की संभावना से भी इनकार नहीं कर रहा हूं। जांच से सच्चाई सामने आएगी और इसमें शामिल हर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे किसी ऐसी राजनीतिक पार्टी से जुड़े हो सकते हैं, जो चुनाव हार चुकी है और अब बंगाल में अशांति पैदा करना चाहती है तथा प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के नेतृत्व में राज्य की प्रगति को पटरी से उतारने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उस व्यक्ति के मकान की मरम्मत शुरू कर दी है, जो हिंसा के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने कहा कि इंद्रजीत मंडल के पिता को वृद्धावस्था पेंशन और उनकी मां को अन्नपूर्णा योजना के तहत सहायता प्रदान करने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि मैं इंद्रजीत को वापस नहीं ला सकता। लेकिन उसके हत्यारों को सख्त सजा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बारुईपुर के लोगों को आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने हिंसा की आग फैलाई है, अब वे डरेंगे। यहां एक नयी पुलिस चौकी स्थापित की गई है। वहीं, शुभेंदु अधिकारी ने नाबालिग लड़की के परिवार से मुलाकात करने के बाद कहा कि पुलिस ने दर्ज शिकायत पर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि परिवार ने अपनी शिकायत में चार लोगों के नाम बताए थे और उन चारों को गिरफ़्तार कर लिया गया है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाएगी।

### बारुईपुर हिंसा मामले में और तीन गिरफ्तार

बारुईपुर में 11 वर्षीय लड़की का शव बरामद होने के बाद एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में संलिप्तता के आरोप में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले की गहन जांच जारी है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### 'सरकार कामदुनी प्रकरण की पीड़िता के परिवार का शीर्ष अदालत में विरोध नहीं करेगी'

**मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार शीर्ष अदालत में न्याय की लड़ाई लड़ रहे कामदुनी दुष्कर्म एवं हत्याकांड की पीड़िता के परिवार का 'विरोध' कर रही थी लेकिन अब उनकी सरकार पीड़ित परिवार को कानूनी मदद देकर उसकी सहायता करेगा। उन्होंने 2013 के इस प्रकरण के संबंध में पत्रकारों से कहा कि राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय में उनका विरोध नहीं करेगी। हम पीड़ित परिवार को सरकारी वकील उपलब्ध कराकर उनकी मदद करेंगे। मैं इस मामले में हमारे स्थायी वकील के पास अपना संदेश भिजवाऊंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय में सोलह सरकारी वकील बदले गए। इसके बाद, पीड़ित परिवार शीर्ष अदालत पहुंचा। हम उच्चतम न्यायालय में सरकारी वकील उपलब्ध कराकर उनकी मदद करेंगे। मुख्यमंत्री ने अपनी पूर्ववर्ती ममता पर उनके कथित बयान को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चिंत रहें, सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी। वह ऐसी घटनाओं को इक्का-दुक्का घटना या प्रेम-प्रसंग नहीं बताएगी, न ही यह कहेगी कि पीड़िता गर्भवती थी, और न ही न्याय के बदले 10 लाख रुपये का मुआवज़ा देगी।'**

## यूसीसी पर शुभेंदु सरकार का बड़ा कदम, रिटायर्ड जज रंजना देसाई की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय कमेटी गठित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मसौदे की समीक्षा करने के लिए उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। शुक्रवार को जारी सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्रस्तावित कानून के 'व्यापक असर और विशाल स्वरूप' को देखते हुए यह समिति गठित की गई। इसमें कहा गया है कि कोई भी अगला कदम उठाने से पहले समिति मसौदा विधेयक की पूरी जांच करेगी। राज्य सरकार ने कहा है कि उसने धर्म, आस्था या समुदाय से परे, राज्य के निवासियों के व्यक्तिगत दीवानी मामलों को नियंत्रित करने के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा बनाने के मकसद से विधेयक का मसौदा तैयार किया है। इसमें कहा गया है कि प्रस्तावित कानून का मकसद शादी, तलाक, बिना वसीयत के उत्तराधिकार और वसीयत के जरिए उत्तराधिकार से जुड़े मुद्दों को हल करना है। अधिसूचना के मुताबिक, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई इस समिति की अध्यक्षता करेंगी। अन्य सदस्यों में मेघालय के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय, स्थानीक आयुक्त दुष्यंत नारियाला, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शत्रुघ्न सिंह, गृह और पर्वतीय मामलों के विभाग की प्रधान सचिव संघमित्रा घोष, शिक्षाविद् डॉ. रत्ना भट्टाचार्य, गौर बंग विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति गोपालचंद्र मिश्रा, वकील उस्मान गनी मल्लिक और निर्मल्य भट्टाचार्य शामिल हैं। प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस विषय के व्यापक असर और इसकी विशाल प्रकृति को देखते हुए, मसौदा विधेयक की विस्तृत जांच और समीक्षा के लिए इसे गठित किया गया है। एक और वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित कानून पर कोई भी फैसला लेने से पहले समिति मसौदा दस्तावेज का विस्तार से अध्ययन करेगी और सरकार को अपनी सिफारिशें सौंपेगी। अधिसूचना में इस बात पर जोर दिया गया कि यह पहल संविधान के अनुच्छेद 44 को ध्यान में रखते हुए की गई है, जो राज्य को नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है।

### सायोनी घोष ने टीएमसी नेता तापस मंडल को भेजा 5 करोड़ का मानहानि नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** सायोनी घोष ने पूर्व टीएमसी नेता और भर्ती घोटाले मामले के आरोपी तापस मंडल को मानहानि का नोटिस भेजा है और पांच करोड़ रुपए का दावा किया है। सायोनी घोष ने आरोप लगाया है कि उनकी इमेज खराब हो रही है। दरअसल, सायोनी घोष के बारे में तापस मंडल ने हाल ही में एक बांग्ला चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि पूरे राज्य में ऐसे हजारों कुंतल हैं जिन्होंने अभिषेक के नाम पर पैसे जुटाए हैं। कुंतल सायोनी पर बहुत खर्च करता था, क्योंकि वह यूथ सेक्रेटरी है, और सायोनी यूथ प्रेसिडेंट हैं। उसने उसे एक फ्लैट और एक कार दी थी। सायोनी घोष ने तापस मंडल के कमेंट पर ऐतराज जताया। तापस मंडल को दिए गए लीगल नोटिस में उन्होंने बताया कि उन्होंने 2020 में एक फ्लैट खरीदा था, जिसकी कीमत 80 लाख रुपये थी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने बैंक से 60 लाख रुपये का लोन लेकर वह फ्लैट खरीदा था। इसके अलावा, सायोनी ने 2024 में एक स्कॉर्पियो कार और एक होंडा जैज खरीदने का भी जिक्र किया। नोटिस में बताया गया है कि सांसद कैसे कमाते हैं और किस पैसे से अपना परिवार चलाते हैं। नोटिस में साफ कहा गया है कि तापस मंडल की कही बातों से सायोनी घोष की इमेज खराब हुई है। इसलिए, उन्हें तुरंत पब्लिकली माफी मांगनी चाहिए और 5 करोड़ रुपये देने चाहिए। नहीं तो, सायोनी ने यह भी कहा है कि वह लीगल एक्शन लेंगे।

**21 जुलाई की सभा पर टकराव तेज :**

### ऋतब्रत गुट को अनुमति, हाई कोर्ट पहुंचीं ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** 21 जुलाई के 'शहीद दिवस' कार्यक्रम को लेकर राज्य की राजनीति में टकराव और तेज हो गया है। एक ओर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला तृणमूल कांग्रेस गुट धर्मतला में अपनी पारंपरिक सभा आयोजित करने की अनुमति के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचा है, वहीं दूसरी ओर ऋतब्रत बनर्जी गुट ने मेयो रोड पर सभा करने की अनुमति मिलने का दावा करते हुए वहां कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा कर दी है। शनिवार को हुई बैठक के बाद ऋतब्रत बनर्जी गुट ने बताया कि उसकी सभा मेयो रोड स्थित गांधी प्रतिमा के पास होगी। उधर, ममता बनर्जी गुट धर्मतला के विक्टोरिया हाउस के सामने हर वर्ष की तरह 'शहीद दिवस' मनाने की तैयारी में है। पुलिस मुख्यालय लालबाजार से अनुमति नहीं मिलने पर पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इस मामले पर 13 जुलाई को सुनवाई होने की संभावना है।

**छह ईएमयू ट्रेनें रद्द**

दिनांक 12.07.2026 को हावड़ा मंडल में अतिरिक्त **कॉरिडोर ब्लॉक** के सृजन हेतु निम्नलिखित ईएमयू ट्रेनें **रद्द** रहेंगी :
**दिनांक 12.07.2026 को रद्द ट्रेनें : बर्द्धमान-हावड़ा लोकल - 36816, 36818, 36822। हावड़ा-बर्द्धमान लोकल - 36811, 37811, 37815।**
**विशेष द्रष्टव्य :** स्पेशल या विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में नयी शुरू की गयी ट्रेनें/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, ब्लॉक अवधि के दौरान मार्ग परिवर्तन करेगी/मार्ग में उपयुक्त तरीके से नियंत्रित की जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का अनुसरण करें। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**
**पूर्व रेलवे**

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 18 ईटी/2026 दिनांक: 06.07.2026**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05261235 | 150 एसक्यू. एमएम (येलो) थिन वाल्ड फ्लेक्सिबल इलेस्टोमेरिक केबल विद कापर कन्डक्टर | 5900 मीटर | 28.07.2026 |
| | | 150 एसक्यू. एमएम (रेड) थिन वाल्ड फ्लेक्सिबल इलेस्टोमेरिक केबल विद कापर कन्डक्टर | 5400 मीटर | |
| | | 150 एसक्यू. एमएम (ब्लू) थिन वाल्ड फ्लेक्सिबल इलेस्टोमेरिक केबल विद कापर कन्डक्टर | 6300 मीटर | |
| 02 | 11261099 | सेट आफ साइडस वाल स्किन सेटिंग पैनलस फॉर (एलडब्लूएससीएन) कोच | 33 सेट | 31.07.2026 |
| 03 | 03261490 | सेट ऑफ लेवाटरी मेडूल फॉर एलएचबी फॉर एसी 2 टी & एसी 3 टी कोचेज | 150 सेट | 27.07.2026 |
| 04 | 05261150 | सप्लाई, इंस्टालेशन टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ जीपीएस बेसड पब्लिक ऐड्रेस एंड पैसेंजर इन्फॉरमेशन सिस्टम (पीएपी आईएस) एंड एलईडी डेस्टीनेशन बोर्ड फॉर एलडब्लूएस (अमृत भारत) एन्ड एलडब्लूएससीएन (अमृत भारत) कोचेज | 121 सेट | 29.07.2026 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | टेंडर नोटिस सं. 13 ईटी/2026 दिनांक: 12.06.2026 | टेंडर नं 15255132ए | निविदा खुलने की तिथि 06.07.2026 के स्थान पर तिथि 16.07.2026 पढ़े |
| 02 | टेंडर नोटिस सं. 12 ईटी/2026 दिनांक: 02.06.2026 | टेंडर नं 11261042 | निविदा खुलने की तिथि 07.07.2026 के स्थान पर तिथि 14.07.2026 पढ़े |
| 03 | टेंडर नोटिस सं. 14 ईटी/2026 दिनांक: 18.06.2026 | टेंडर नं 04261116 | निविदा खुलने की तिथि 08.07.2026 के स्थान पर तिथि 07.08.2026 पढ़े |
| 04 | टेंडर नोटिस सं. 14 ईटी/2026 दिनांक: 18.06.2026 | टेंडर नं 11261038 | निविदा खुलने की तिथि 06.07.2026 के स्थान पर तिथि 20.07.2026 पढ़े |
| 05 | टेंडर नोटिस सं. 14 ईटी/2026 दिनांक: 18.06.2026 | टेंडर नं 11261033 | निविदा खुलने की तिथि 07.07.2026 के स्थान पर तिथि 20.07.2026 पढ़े |

Website Address : **www.ireps.gov.in** & **www.mcf.indianrailways.gov.in**
उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

**शुद्धि पत्र सं. 01/2026 दिनांक: 07.07.2026**
**शुद्धि पत्र**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 16 ईटी/2026 दिनांक: 01.07.2026 | टेंडर नं 03261140 | निविदा खुलने की तिथि 07.07.2026 के स्थान पर तिथि 14.07.2026 पढ़े | पत्र-मोडिफिकेशन एज् पर **कोरिजेन्डम-01** |

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा सूचना सं. एमसीएफ-आरबीएल-एलपी-2026-01 के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल पोर्टल **https://ireps.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:-** कार्य क्षेत्र के अनुसार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली चिकित्सालय में एक वर्ष के लिए दैनिक आधार पर दवाओं के स्थानीय खरीद की आपूर्ति के लिए फर्मो, स्टाकिस्टो एवं खुदरा विक्रेताओं के पंजीकरण का दर अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में):-** 30,00,000.00, **अमानत राशि (रुपया में):-** 60,000.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:-** निशुल्क, **कार्य समापन की अवधि:-** 12 माह। • ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय - दिनांक 10.08.2026 को 10:30 बजे तक। • ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय- दिनांक 10.08.2026 को 11:00 बजे तक। • ई-निविदा प्रपत्र जमा करने की अवधि - 08.07.2026 से 10.08.2026. • ई-निविदा सूचना और नियम एवं शर्तें वेबसाइट सं. **https://ireps.gov.in** और **https://mcf.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।
मण्डल चिकित्सा अधिकारी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अनुब्रत मंडल ने छोड़ा ममता का साथ, ऋतब्रत खेमे में हुए शामिल

- **तृणमूल के बागी गुट ने घोषित की राज्य और जिला समितियां**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट ने पार्टी पर कब्जा करने की अपनी कोशिशों में तेजी लाते हुए शनिवार को समानांतर राज्य और जिला समितियां गठित कीं तथा ममता बनर्जी के कई पुराने वफादार नेताओं को अपने साथ मिला लिया। ऋतब्रत गुट में शामिल हुए ममता के वफादार रहे इन नेताओं में बीरभूम के कद्दावर नेता अनुब्रत मंडल भी शामिल हैं। बीरभूम के कद्दावर नेता अनुब्रत मंडल, जिन्हें लंबे समय तक ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद राजनीतिक सहयोगियों में से एक माना जाता था, उन्हें बागी गुट की बीरभूम इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, राज्यसभा के पूर्व सदस्य शांतनु सेन को ऋतब्रत गुट के मुख्य प्रवक्ताओं में से एक नियुक्त किया गया, जबकि विधायक अरुणव (राजा) सेन को हावड़ा ज़िला इकाई का अध्यक्ष बनाया गया। पूर्व मंत्री रवींद्रनाथ चटर्जी को पूर्व बर्दवान की जिम्मेदारी सौंपी गई और देबाशीष कुमार को दक्षिण कोलकाता जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस गुट ने पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बर्दवान, बांकुड़ा, पुरुलिया, डायमंड हार्बर, सुंदरबन, उत्तर कोलकाता और कई अन्य संगठनात्मक जिलों के लिए जिला अध्यक्षों की भी घोषणा की। इससे राज्यव्यापी विस्तार का इसका पहला चरण पूरा हो गया। ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि उन्हें मेयो रोड पर गांधी प्रतिमा के सामने 21 जुलाई को शहीद दिवस रैली आयोजित करने की अनुमति मिल गई है।

## पूर्व मंत्री सुजीत बोस ने नगरपालिका 'घोटाले' का पैसा अपने रेस्तरां में लगाया : ईडी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य के पूर्व मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस नेता सुजीत बोस के खिलाफ दाखिल किए गए ताजा आरोपपत्र में दावा किया है कि उन्होंने कथित नगरपालिका भर्ती घोटाले से प्राप्त अवैध धन अपने चीनी रेस्तरां और अन्य आतिथ्य कारोबार में लगाया। शनिवार को एक बयान में, संघीय एजेंसी ने कहा कि उसने 9 जुलाई को कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम अधिनियम) अदालत में सुजीत बोस, उनके बेटे समुद्र बोस, आईएएस अधिकारी और स्थानीय निकायों के पूर्व निदेशक ज्योतिष्मान चट्टोपाध्याय और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। बयान में ईडी ने दावा किया कि दक्षिण दमदम नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष बोस ने नगर निकाय में अलग-अलग पदों के लिए 340 उम्मीदवारों की 'गैर-कानूनी' तौर पर सिफारिश की थी, और उनमें से 284 को 2014-22 के दौरान नौकरी मिल गई। ईडी का दावा है कि अयोग्य उम्मीदवारों से जो पैसे मिले, उन्हें शुरू में सुजीत बोस के मालिकाना हक वाली कंपनी 'चाइनीज क्विजीन रेस्टोरेंट' में लगाया गया। रेस्तरां का कारोबार बहुत कम होने के बावजूद, इन पैसों को वैध नकद बिक्री के तौर पर दिखाया गया। यहां तक कि कोविड लॉकडाउन के दौरान भी बैंक खातों में भारी मात्रा में नकदी जमा की गई। ईडी आरोप लगाया कि चीनी रेस्तरां से निकाली गई धनराशि का इस्तेमाल आतिथ्य क्षेत्र की अन्य इकाइयों का वित्तपोषण करने और उनका विस्तार करने में किया गया, जिसमें 'श्री वेंकटेश बैंक्वेट्स एंड स्पेशलिटी ढाबा एलएलपी' (जो बंगाल ढाबा और द बार एंड लाउंज का संचालन करती है) भी शामिल है। संघीय एजेंसी के अनुसार, यह धनराशि पूंजी निवेश और बिना जमानत वाले ऋण के रूप में इन संस्थाओं में लगाई गई। ईडी ने कहा कि संपत्तियों की खरीद के लिए अतिरिक्त धनराशि विभिन्न फर्जी कंपनियों और व्यक्तियों से उधार लेकर जुटाई गई थी। एजेंसी के अनुसार, बाद में इन कर्जों का भुगतान आतिथ्य क्षेत्र की इकाइयों की 'बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई गई' और ''फर्जी'' नकद बिक्री के माध्यम से अपराध से अर्जित धन का हेरफेर कर किया गया। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि सुजीत बोस कुछ व्यक्तियों को नौकरी दिलाने के बदले कई फ्लैट के रूप में अपराध से अर्जित धन के 'प्रत्यक्ष' लाभार्थी हैं।

## कोलकाता में मेडिकल वीजा पर आए बांग्लादेशी पर चोरी के फोन-लैपटॉप तस्करी का आरोप, गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने मेडिकल वीजा पर भारत आने वाले बांग्लादेशी नागरिक सैयद मोहम्मद सलाउद्दीन उर्फ डॉलर को चोरी के मोबाइल फोन और लैपटॉप की अंतरराष्ट्रीय तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित ढाका के मामुदपुर का निवासी है और वहां खुद को आयात-निर्यात कारोबारी बताता था। जांच में सामने आया है कि उसका पासपोर्ट और मेडिकल वीजा वैध था, लेकिन वह बिना किसी गंभीर हृदय या गुर्दे की बीमारी के बांग्लादेश के एक डॉक्टर के कथित फर्जी मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर बार-बार भारत आता था। हर बार वह दक्षिण कोलकाता के हरिदेवपुर में ब्रोकर के माध्यम से किराये का मकान लेकर चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों के संपर्क में आता था। पुलिस के मुताबिक, डॉलर बेहद कम कीमत पर चोरी के आईफोन और अन्य महंगे स्मार्टफोन खरीदकर जमा करता था। इसके अलावा, वह चोरी के लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी हासिल करता था। बाद में, इन्हें तस्करी के जरिए बांग्लादेश भेजा जाता था, जहां ढाका में सक्रिय चोरी के इलेक्ट्रानिक सामान के नेटवर्क के माध्यम से ऊंची कीमत पर बेचा जाता था। मामले का खुलासा सेंट्रल एवेन्यू पर मोबाइल झपटमारी की एक घटना की जांच के दौरान हुआ। पीड़ित की शिकायत पर बड़ाबाजार थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मोहम्मद अरबाज उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने कथित तौर पर बताया कि चोरी के मोबाइल उसने डॉलर को बेचे थे। इस सुराग के आधार पर पुलिस ने न्यू मार्केट इलाके में जाल बिछाया और कथित तौर पर चोरी के मोबाइल की नई खेप लेने पहुंचे डॉलर को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, हरिदेवपुर स्थित उसके किराये के मकान की तलाशी में कई मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस अब आरोपित से पूछताछ कर इस अंतरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने में जुटी है।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को एसोचैम का 'प्रॉमिसिंग इंस्टीट्यूट ऑफ द ईयर' पुरस्कार




**कोलकाता, समाज्ञा**

हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एचआईटीके), कोलकाता को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए एसोचैम की नेशनल काउंसिल ऑन एजुकेशन की ओर से 'प्रॉमिसिंग इंस्टीट्यूट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 9 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित 18वें नेशनल एजुकेशन लीडरशिप एंड स्किल डेवलपमेंट समिट-2026 में प्रदान किया गया। संस्थान की ओर से पुरस्कार हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल से प्राप्त किया। समिट का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने किया। कार्यक्रम में एसोचैम नेशनल काउंसिल ऑन एजुकेशन के चेयरमैन कुंवर शेखर विजेंद्र, को-चेयरपर्सन डॉ. मधु चितकारा, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के महासचिव डॉ. पंकज मित्तल सहित देशभर के शिक्षाविद, नीति-निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए।

समिट में नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, कौशल आधारित शिक्षा, रोजगार क्षमता, नवाचार, उद्यमिता और उद्योग-अकादमिक सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में 'ब्रिजिंग इंडस्ट्री एंड एकेडेमिया-स्ट्रेंथनिंग स्किल्स एंड एम्प्लॉयबिलिटी' विषय पर पैनल चर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रतीक शर्मा ने की।

प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि एआईसीटीई और यूजीसी की पहलें उच्च शिक्षा को अधिक लचीला, बहुविषयक और उद्योगोन्मुख बना रही हैं। उन्होंने परिणाम आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षण, उद्योग इंटर्नशिप, नवाचार, उद्यमिता और छात्रों में आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान, डिजिटल साक्षरता तथा आजीवन सीखने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एसोचैम से मिला यह सम्मान पूरे हेरिटेज परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

## पक्का मकान होने के बावजूद पीएम आवास योजना का लाभ लेने का आरोप

### बीरभूम में 22 लाभार्थियों को राशि लौटाने का नोटिस

**बीरभूम :** प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास योजना) में कथित रूप से अयोग्य लाभार्थियों को दी गई राशि की वसूली की प्रक्रिया बीरभूम जिले में शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने नलहाटी-2 विकासखंड के 22 लाभार्थियों को योजना की पहली किस्त के रूप में प्राप्त धनराशि वापस करने का नोटिस जारी किया है।

जिला प्रशासन के अनुसार, नलहाटी-2 ब्लॉक की भद्रपुर-1 ग्राम पंचायत के मोस्तफाडांगा गांव के 22 लोगों पर फर्जी जानकारी देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने का आरोप है। आरोप है कि इन लाभार्थियों ने पात्रता संबंधी गलत जानकारी देकर योजना की पहली किस्त के रूप में 60-60 हजार रुपये प्राप्त किए। इसके बाद ब्लॉक प्रशासन ने जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी को राशि लौटाने का नोटिस भेजा है।

जांच में यह भी सामने आया है कि नोटिस प्राप्त करने वाले अधिकांश लोगों के पास पहले से ही पक्के मकान मौजूद हैं। हालांकि, कई लाभार्थियों का कहना है कि मकान उनके पिता के नाम पर है, जबकि कुछ का दावा है कि परिवार के विभाजन के बाद उनके बेटे के नाम पर अलग मकान बनाया गया है। वहीं, कुछ लाभार्थियों पर योजना की राशि से आलीशान कंक्रीट के मकान का निर्माण शुरू करने तथा कुछ मामलों में फर्जी नाम से राशि निकालने के भी आरोप लगे हैं।

हालांकि, नोटिस जारी होने के बावजूद अधिकांश लाभार्थी योजना की राशि लौटाने को तैयार नहीं हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन का कहना है कि जिन लोगों ने सात दिनों के भीतर राशि वापस नहीं की, उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा सकता है। साथ ही उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

जिला प्रशासन का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। पात्रता के विपरीत लाभ लेने वालों के खिलाफ जांच जारी रहेगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पश्चिम मध्य रेल**
**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**
**खुली निविदा**
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु निर्धारित ई- निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक**-जबल-एन-सिग.-टेंडर-2026-22, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में IBS (34 संख्या) एवं एल.सी. गेट (34 संख्या) के रिले कक्षों में अग्नि पहचान एवं अलार्म प्रणाली की स्थापना तथा उनके व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (CAMC) सहित सिंगनल एवं दूरसंचार (एस एण्ड टी) कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रू. मे)**-रू. 4,88,05,424.18 **निविदा फार्म की कीमत (रूपये)**- रू. 00/-**कार्यालय का पता**-मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) (कार्यालय प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर), **बयाना राशि रूपये**-9,76,100/-, **समापन अवधि (माह)**- 11 माह, **निविदा बंद होने की एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**- दिनांक 30.07.2026 को 15:00 बजे तक एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की जा सकती है।
(हस्ता.)
**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)**
**पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/768, दिनांक 09.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3626-आर, काम का नाम :** "हावड़ा मंडल के तहत अम्बिका कालना, नबद्वीपधाम, कटवा, आजिमगंज और खागड़ाघाट रोड में फुट ओवर ब्रिज को जोड़ने वाले पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान"। **टेंडर का मूल्य :** रु. 3,80,95,513/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 7,61,900/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन । **क्रम संख्या 2, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3627, काम का नाम :** (1) "हावड़ा मंडल के आजिमगंज-नलहाटी के बीच किमी 31/39-32/01 पर गेट नं. 12 में लेवल क्रॉसिंग गेट का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग जिसका टीवीयू >20000 है" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (2) "हावड़ा मंडल के बर्द्धमान-कटवा के बीच किमी 18 पर गेट नं. 11 में लेवल क्रॉसिंग गेट का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग जिसका टीवीयू >20000 है" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 7,79,671/- **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 15,600/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **क्रम संख्या 3, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3614-आर, काम का नाम :** "वीएसएस के अंतर्गत सभी स्टेशनों की निगरानी के लिए निर्बाध पावर सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए एटी पावर सप्लाई का विस्तार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 92,63,216/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 1,85,300/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **क्रम संख्या 4, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3579 , काम का नाम :** (1) "एईएन/कटवा के अधीन बी.के. सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 16/सी/ई के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (2) "एईएन/कटवा के अधीन ए.के. सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 3/सी/ई के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (3) "एईएन/कटवा के अधीन बी.के. सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 21/सी/ई के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (4) "एईएन/कटवा के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 24/02 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (5) "एईएन/कटवा के अधीन बीबी लूप में पाटुली-अग्रद्वीप स्टेशनों के बीच किमी 89/21-23 और 89/24-22 (डाउन) पर लेवल क्रॉसिंग नं. 18/6/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 47,98,203/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 96,000/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **क्रम संख्या 5, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3543, काम का नाम :** "बेलानगर स्टेशन में डुएल डिटेक्शन मोड में डीसी ट्रैक सर्किट के स्थान पर डुएल एमएसडीएसी का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 9,13,934/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 18,300/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **क्रम संख्या 6, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3496-आर1, काम का नाम :** "हावड़ा मंडल में बैण्डेल, बर्द्धमान, आजिमगंज, रामपुरहाट में रेलवे इंस्टीट्यूट का नवीनीकरण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 95,09,960/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 1,90,200/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **क्रम संख्या 7, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3653 काम का नाम :** "(1) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 12ए/1 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (2) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 8/3 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (3) एईएन/आजिमगंज के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 24ए/4(ई) के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (4) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 18/02 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, **टेंडर का मूल्य :** रु. 37,02,456/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 74,100/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **क्रम संख्या 8, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3604, काम का नाम :** "एडीईएन/आजिमगंज के कार्यक्षेत्र में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेटों में सबमर्सिबल पंप सुविधा द्वारा पानी की आपूर्ति का प्रावधान " के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 26,02,358/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 52,100/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **क्रम संख्या 9, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3583-आर, काम का नाम :** "एसएसई/जी/बैण्डेल के अधिकार क्षेत्र में इलेक्ट्रिकल सब स्टेशनों, स्विच रूमों का संबंधित एचटी/एलटी स्विचगियर पैनल, केबल, ट्रांसफार्मर, अर्थिंग और अन्य सुरक्षा आइटमों के साथ विस्तार और सुधार", **टेंडर का मूल्य :** रु. 1,29,53,874/- **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 2,59,100/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **क्रम संख्या 10, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3536-आर1, काम का नाम :** "एईएन/1/लिलुआ के अधीन बेलुड़, रिसड़ा, चुचुड़ा और सिंगुर में 350X200 मिमी डाया डीप ट्यूब वेल, पंप हाउस, पाइप लाइन बैठाने का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, **टेंडर का मूल्य :** रु. 7,41,408/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 14,800/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 29.07.2026 को 15.00 बजे क्रम सं. 1 और 2 के लिए, दिनांक 30.07.2026 को 15.00 बजे क्रम सं. 3 से 10 के लिए। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
HWH-203/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# राहुल संकृत्यायन स्मारक, दार्जीलिंग, पश्चिम बंगाल

## हमारी अनजानी धरोहर 101



डॉ. एस. के. सैनी

राहुल साँकृत्यायन का जन्म उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पंदहा ग्राम मे 9 अप्रैल 1893 को हुआ था। उनका बचपन का नाम केदारनाथ पांडे था। बाद मे उन्होंने नया नाम राहुल सांकृत्यायन अपनाया। वे बौद्ध धर्म से,उसकी जाति विहीन समाज की अवधारणा से बेहद प्रभावित थे,वे जाति प्रथा और वर्ण व्यवस्था को सभी मनुष्यों की उन्नति मे बाधक समझते थे, हालांकि वे स्वयं ब्राह्मण थे।

उनके यात्रा वृतांतों में मेरी तिब्बती यात्रा, किन्नर देश में और मेरी यूरोप यात्रा है उपन्यासों में और कहानियों में वोल्गा से गंगा ,सिंह सेनापति जय योद्धेय और सतमी के बच्चे हैं।

दर्शनशास्त्र में बौद्ध दर्शन और दर्शन दिग्दर्शन है। इसके अलावा उन्होंने ऐतिहासिक विषयों और मनोविज्ञान को भी छुआ है।उनकी पुस्तक मध्य एशिया का इतिहास पर उन्हें साहित्य अकादमी का पुरस्कार मिला।इसके अलावा उन्होंने एक विशिष्ट पुस्तक लिखी, दिमागी गुलामी जो हमारी गुलाम मानसिकता पर करारी चोट है।वह बौद्ध दर्शन के विद्वान थे।एक ऐसा विद्वान जो 30 से अधिक भाषाओं को समझ सकता था बोल सकता था पर उनका लेखन मुख्य रूप से हिंदी और भोजपुरी भाषा में रहा।

वे हमारे भारतीय साहित्य के इतिहास में यायावरी के लिए जाने जाते हैं उनके बराबर कोई को घुमक्कड़ नहीं हुआ और जितना उन्होंने भ्रमण किया, उस पर उन्होंने खूब लेख लिखे, उपन्यास लिखे, पूरे विश्व का भ्रमण किया और हर चीज किताबों के रूप पन्नों पर उतार दिया।उनकी अपनी एक विराट जीवन यात्रा मेरी जीवन यात्रा चार खण्डों में उपलब्ध है।

उनका यात्रा वृतांत घुमक्कड़ शास्त्र उनकी यात्राओं का जीवंत चित्रण है।श्रराहुल जी अपने जीवन के



अंतिम समय में दार्जिलिंग में आकर रहने लगे थे और वहीं पर 14 अप्रैल 1963 को उनका देहावसान हो गया। दार्जिलिंग में माननीय राज्यपाल के ग्रीष्म कालीन आवास राज भवन (अब लोक भवन )से जिमखाना की तरफ जाने वाली सड़क पर ही इस महान साहित्यकार की मूर्ति लगी हुई है जहां उनका जीवन परिचय भी दिया गया। हम लोग मंदिर बनाते हैं, धार्मिक स्थल बनाते हैं लेकिन साहित्यकारों के जन्म स्थान और उनके कर्म स्थान अभी भी उपेक्षित पड़े हुए हैं।

मैं दार्जिलिंग में ही राहुल जी के निवास पर पहुंचा वह स्थान भी जर्जर अवस्था में ही है। एक रखवाला वहां पर है।राहुल जी के सुपुत्र जेता संक्रत्यायन सिलीगुड़ी स्थित उत्तर बंग विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। राहुल जी ने भारतीय साहित्य की एक विस्मरणीय विधा संस्मरण और यात्रा वृतांत को एक नई दिशा दी और उसको समृद्ध किया।

वे 6 फुट से अधिक लम्बी कद -काठी के महामानव थे। उन्हें देखना और उनको सुनना अपने आप में विशिष्ट अनुभव था, ऐसा उनके समकालीन साहित्यकार बताते हैं वह अपने समय से 100 बरस आगे थे, वह संपूर्ण देश को और देशवासियों को सुधारने में यकीन रखते थे ताकि हम अपनी दिमागी गुलामी से मुक्त हो सके।अपनी उम्र के आखिरी समय में उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया और दार्जिलिंग में ही उनका अंतिम संस्कार हुआ और वही जहां बौद्ध पैगोडा बने हुए हैं वहीं पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। हम ऐसे महान साहित्यकार, इतिहासकार, भाषा विद और यायावर विभूति को याद करते हैं और उनका नमन करते हैं।

# वर्षा ऋतु में लें मजा कपड़ों और गहनों का

सुनीता गाबा

हर कोई, हर मौसम में आकर्षक दिखना चाहता है, चाहे वर्षा हो, गर्मी हो या सर्दी। पहनावा और मेकअप एक-दूसरे के पूरक हैं। यह सोने पे सुहागे का काम करते हैं। यदि मौसम रूमानी है और आप उस मौसम में भी अलग दिख रहे हैं तो आपकी स्मार्टनेस की चर्चा किए बिना कोई नहीं रहेगा। आप भी जरा-सी सावधानी बरत कर बारिश के मौसम में कुछ अलग दिख सकते हैं।

### कपड़ों का चयनः-

- बारिश में रेशमी वस्त्रों का प्रयोग अधिक करें जो गीले होने पर शीघ्र सूख जाते हैं।
- हल्के रंगों के वस्त्र कम से कम पहनें क्योंकि उन पर मिट्टी के दाग आसानी से नजर आते हैं। थोड़े गहरे रंग के वस्त्र पहनें।
- कलफ लगी साड़ियां न पहनें क्योंकि ऐसी साड़ियां भीगने पर सिकुड़ जाती हैं और सूखने पर इनमें सिलवटें पड़ जाती हैं।
- साड़ियों के साथ सूती और लिजीबिजी के ब्लाउज पहनें।
- अधिक घेरेदार वाले कपड़े मत पहनें। यदि ये भीग जाएं तो इन्हें सुखाना मुश्किल होता है।
- जींस की जगह ट्राउजर पहनें जो हल्के तो होते हैं, सुखाने में भी आसान और हल्की प्रेस से ही काम चल जाता है। ट्राउजर के साथ कॉटन टॉप और टी शर्ट पहन सकते हैं। सूती कपड़े की डांगरी भी पहन सकते हैं।
- वर्षा ऋतु में लेदर बैग की जगह रेक्सीन या नायलॉन बैग ही रखें। बैग



में फोल्डिंग छाता, टिशू पेपर, कंघी, हल्का फुल्का वाटरप्रूफ मेकअप का सामान रखें। वैसे आजकल रेनकोट पैकेट में बंद आते हैं। स्कूटर पर जाते समय आप रेनकोट पहन कर जा सकते हैं।
- वर्षा ऋतु में भारी गहने पहन कर न जायें। सोने के भारी गहने बारिश के दिनों में शोभा नहीं देते। इन दिनों मोतियों के गहने सौम्य और अच्छे लगते हैं। किसी उत्सव पर हल्का चेन सेट या छोटा गले से लगा सेट पहन सकते हैं। काले धातु और चांदी के आभूषण भी पहन सकते हैं।
- शादी-विवाह के उत्सव पर रेशमी हल्के कामवाली साड़ियां खूब जंचती हैं। बारिश के दिनों में सिल्क की भारी साड़ियां न पहनें। साड़ियों पर पिन न लगायें। बारिश में गीली होने पर फटने का डर बना रहता है।
- जो भी वस्त्र पहनें, उसमें आपकी आयु, पति और अपने पद की गरिमा बनी रहे। चाहे आप साड़ी पहनें, सलवार कुर्ता पहनें या पश्चिमी परिधान पहनें, अपनी एक अलग पहचान बना कर रखें।

### मेकअपः-

- कभी भी गहरा मेकअप न करें। बारिश में मेकअप धुलने के बाद आपकी शक्ल भद्दी न लगे, इस बात पर विशेष ध्यान दें।
- बारिश के दिनों में टेलकम पाउडर, काम्पेक्ट, फाउंडेशन आदि का प्रयोग न करें। गीला होने पर चेहरे पर अलग धब्बे दिखाई देंगे।
- लिपस्टिक हल्के रंग की लगायें। आउटलाइन लगाने से आप पुनः लिपस्टिक लगा सकते हैं।
- आई लाइनर वॉटर प्रूफ लगायें नहीं तो गीला होने पर बहकर चेहरे पर आ जायेगा।
- सूखी सिन्दूर की बिंदी या गीली बिंदी न लगायें। स्टिक करने वाली वस्त्रों से मेल खाती बिंदी लगायें। गीली होने पर उसे उतार कर फेंक दें।
- वाटर प्रूफ मेकअप का सामान इस्तेमाल करने पर आपको शर्मिन्दा नहीं होना पड़ेगा।
- बारिश के दिनों में रेनी शूज पहनें। अधिक हील वाले जूते मत पहनें। गीली और कीचड़ भरी सड़क पर पैर फिसलने का खतरा बना रहता है। कपड़े और चमड़े के जूते भी न पहनें। (उर्वशी)

# रथ निर्माण से बहुड़ा यात्रा तक जानें पूरी परंपरा और रीति-रिवाज

16 जुलाई 2026 को निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा लेकिन उसकी तैयारी और यात्रा के पूर्व कई प्रकार के रीति रिवाज रहते हैं। जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होने जा रहे हैं तो जान लें कि वहां पर किन रीति रिवाजों का पालन होता है। रथ निर्माण, ओसर घर, छर पहनरा, गुंडीचा मार्जन, रथयात्रा का आरंभ, गुंडिचा मंदिर आगमन, हेरा पंचमी, बहुड़ा यात्रा और पुन: मंदिर आगमन तक की संपूर्ण जानकारी।

### 1. रथों का निर्माण:

बिना कील/धातु के नीम की लकड़ी से 3 रथ बनते हैं। सबसे आगे बलरामजी का 'ता-लध्वज' (लाल-हरा), बीच में सुभद्राजी का 'दर्पदलन' (काला/नीला-लाल) और सबसे पीछे जगन्नाथजी का 'नंदीघोष' (लाल-पीला) रथ होता है।

### 2. प्रभु का बीमार होना:

यात्रा से 15 दिन पहले 108 कलशों से स्नान के बाद प्रभु बीमार हो जाते हैं और 'ओसर घर' में विश्राम करते हैं। स्वस्थ होने पर वे 'नव यौवन नैत्र उत्सव' में दर्शन देते हैं।

### 3. छर पहनरा/छेरा पहरा रस्म:

रथयात्रा से पहले पुरी के गजपति राजा सोने की झाड़ू से रथ मण्डप और रास्ते की सफाई करते हैं।

### 4. गुंडीचा मार्जन:

रथयात्रा से एक दिन पहले श्रद्धालु पवित्र जल से गुंडीचा मंदिर को धोकर साफ करते हैं।

### 5. रथयात्रा का आरंभ:

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा शुरू होती है। सबसे पहले बलरामजी, फिर सुभद्राजी और अंत में जगन्नाथजी का रथ खींचा जाता है। रथ खींचने वाले को महाभाग्यवान माना जाता है।

### 6. गुंडिचा मंदिर आगमन:

यह यात्रा मुख्य मंदिर से शुरू होकर 2 किमी दूर मौसी 'गुंडिचा मां' के मंदिर पहुंचती है, जहाँ भगवान 7 दिनों तक विश्राम करते हैं। यहाँ दर्शन करने को 'आड़प-दर्शन' कहते हैं।

### 7. हेरा पंचमी:

यात्रा के पांचवें दिन माता लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ को खोजने गुंडिचा मंदिर आती हैं।

### 8. बहुड़ा यात्रा (वापसी):

आषाढ़ दशमी (नवें दिन) को रथों की मुख्य मंदिर की ओर वापसी होती है, जिसे 'बहुड़ा यात्रा' कहते हैं।



### 9. मंदिर प्रवेश:

नौवें दिन वापसी के बाद भी प्रतिमाएं रथ में रहती हैं। अगले दिन एकादशी को विधिवत स्नान और पूजा के बाद उन्हें पुनः मंदिर में प्रतिष्ठित किया जाता है।

### जगन्नाथ रथ खींचने का महत्व:

दुनिया का कोई भी व्यक्ति या भक्त इन रथों को खींच सकता है। मान्यता: जो भी भक्त इस पावन रथयात्रा में सम्मिलित होता है, उसे 100 यज्ञों के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है। भक्तगण एक निश्चित क्रम से तीनों रथों की रस्सियों को श्रद्धापूर्वक खींचते हैं। ऐसी अटूट धार्मिक मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचता है, वह जीवन-मरण के चक्र (आवागमन) से हमेशा के लिए मुक्त हो जाता है।

### जगन्नाथ के 3 रथों की जानकारी

**नंदीघोष (गरुड़ध्वज):** ऊंचाई करीब 45 फीट, पहियों की संख्या 16, पवित्र रस्सी का नाम शंखाचुड़ा नाड़ी।

**तालध्वज:** ऊंचाई करीब 43 फीट, पहियों की संख्या 14, पवित्र रस्सी का नाम बासुकी।

**दर्पदलन (पद्म रथ):** ऊंचाई करीब 42 फीट, पहियों की संख्या 14 और पवित्र रस्सी का नाम स्वर्णचूड़ा नाड़ी।

**तीनों रथ की यात्रा:** विशाल रथों को खींचकर 3 किलोमीटर दूर स्थित 'गुंडिचा मंदिर' ले जाया जाता है। गुंडिचा मंदिर में भगवान 10 दिनों तक आराम करते हैं। यात्रा के 11वें दिन महाप्रभु पुनः अपने मुख्य जगन्नाथ मंदिर लौट आते हैं।

# महाविषधर सांप

विष्णुदेव मंडल

आप सांप से अवश्य परिचित होंगे। दुनियां में ऐसा कौन है जो सांप से परिचित नहीं है। सांप के बारे में डर मनुष्य जानता है कि उसके काट लेने से आदमी की मौत हो जाती है।

मगर आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पूरी दुनियां में सांपों की लगभग नौ हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। अकेले भारत में सांपों की तीन सौ प्रजातियां हैं। सांपों की खासियत यह होती है कि वह बूढ़ा होने तक भी उसकी लंबाई बढ़ती रहती है यानी उसके शरीर की वृद्धि होती रहती है।

सांप बालू या रेत पर नहीं चल सकता, दीवार पर नहीं चढ़ सकता। दीवार यदि खुरदरी हो तो उस पर आसानी से चढ़ जाता है। सांपों के शरीर में हड्डियां नहीं होती बल्किं इनकी पसली लचीली और मछलियों की तरह कांटे होते हैं। अपने कांटे और इन्हीं पसलियों की सहायता से सांप सरक सरक कर चलता है।

सांपों को अधिक शीत या जाड़ा बर्दाश्त नहीं होता। जाड़े के दिनों में अपना वैर भाव भुलाकर किसी बिल में ठिठुर कर दुबके पड़े रहते हैं। जब तक जाड़े की ऋतु रहती है तब तक बिल से बाहर नहीं निकलते। इस अवधि तक उसे भूखे प्यासे रहना पड़ता है। गर्मी की ऋतु आने तक उसकी खाल कुछ मोटी हो जाती है यानी मैल जम जाता है जिसे केंचुली कहते हैं।

गर्मी की ऋतु आने पर सांप बिल से निकल कर किसी खुरदरी वस्तु, खरपतवार या खुरदरे वृक्ष से अपना मुंह रगड़ता है। इससे केंचुली खुरदरी वस्तु में फंस जाती है। फिर सांप आगे की ओर धीरे-धीरे सरकता जाता है और उसकी केंचुली उसके उल्टी दिशा में उतरती जाती है।

केंचुली उतारने के तीन दिन पहले और तीन दिन बाद तक सांप अंधे रहते हैं। हरकत करने पर भागता नहीं है।

सांपों के बारे में किंवदंती प्रचलित हे कि यदि सांप धोखे से



छछूंदर को चूहा समझ कर पकड़ लेने पर जब उसे पता चलता है कि वह तो चूहा नहीं, छछूंदर है तो छछूंदर को छोड़ देने पर सांप अंधे हो जाते हैं, यदि निगल जाता है तो मर जाते हैं। इसलिए शायद कहा गया है 'भई गति सांप छछुंदर केरी।'

सांप का प्रजननकाल मार्च से अप्रैल तक होता है। रस्सी की तरह आपस में लिपट कर प्रजनन करता है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक मादा सांप आठ से दस तक सफेद अंडे देती है। इसके अंडे मटर के दाने के समान गोल होते हैं। कुछ दिन बाद अंडों से बच्चे निकल आते हैं। बच्चे निकल कर उलझी हुई रस्सियों की भांति आपस में उलझ जाते हैं। ये सारे बच्चे एक ही स्थान पर पड़े रहते हैं। मादा सांप इनकी देखभाल करती है।

बच्चों के कुछ बड़े होने पर सांपिन अपने कुछ बच्चों को स्वयं खा जाती है। खाने की प्रक्रिया शुरू होने पर बच्चे वहां से भाग निकलते हैं। सांप हालांकि एक ही स्थान पर स्थाई रूप से बसने वाला प्राणी नहीं है।

सांप हमेशा इतने साफ रहते हैं कि जैसे उनकी त्वचा पालिश की गई हो। उनकी त्वचा पर किसी तरह के रोएं या पंख नहीं होते कि उसमें धूल या मैल जमा हो सके। मनुष्यों की तरह सांपों की त्वचा पर छिद्र नहीं होते और न ही पसीने की ग्रंथियां, इसलिए उनकी त्वचा से किसी तरह का शारीरिक द्रव भी नहीं निकलता है। (उर्वशी)

# जब बच्चा करे खाने में ना नुकर



सुनीता गाबा

आजकल बच्चों को खाना खिलाना माता-पिता के लिए समस्या बनता जा रहा है। अधिकतर पेरेंटस बच्चों के साथ हो रही फूड फाइट से परेशान रहते हैं। अगर इसका आंकलन हम अन्य देशों के बच्चों से भी करें, वहां भी यही स्थिति है। बच्चों को अगर उनकी पसंद का जंक फूड खाने को दें तो उन्हें भूख भी लगी होती है और वह उसे खुशी से भी खाते हैं पर प्लेट में हरी सब्जी, दाल, ताजे फल देखकर भूख न लगने का बहाना बनाते हैं। इसके पीछे इंस्टेंट फूड की बढ़ती लोकप्रियता ही कारण है।

जंकफूड या बाहरी खाने में उन्हें नमक, चीनी और फैट्स की मात्रा इतनी मिल जाती है कि कुछ समय बाद बच्चों का वजन बढ़ना प्रारंभ हो जाता है। शरीर में पोषण की कमी आती जाती है। इन सब गलत परिणामों को देखते हुए कई देशों ने स्कूल में छोटे बच्चों को ब्रेकफास्ट और लंच देने की प्रक्रिया को अपना लिया है। एक पीरियड में टीचर बच्चों में हैल्दी फूड के प्रति जागरूकता पैदा करने की कोशिश करते हैं।

बच्चों को एक फल सब्जी दिखा कर उसके रोचक स्वाद के बारे में बताया जाता है ताकि बच्चों के मन में उन्हें खाने की लालसा उत्पन्न हो। टीचर्स इस बात का ध्यान रखते हैं कि सब्जी फल से मिलने वाले पोषण की चर्चा अधिक नहीं करते बल्कि उसके टेस्ट की चर्चा अधिक करते हैं जैसे किस फल का स्वाद खट्टा है, मीठा है, खाने में नर्म है या सख्त, कौन से रंग में कौन कौन से फल और सब्जियां आती हैं, अगर पानी में इन्हें डाला जाए तो पानी कौन से रंग का हो जाता है, यही बताते हैं रोचक किस्से कहानियां सुना कर।

इंडियन मदर्स को भी कुछ नए अंदाज अपनाने चाहिएं ताकि अपने बच्चों को वो सब खिला सकें जो उनके लिए सेहतमंद हैं।

### आइए जानें:-

कुछ भी नया टेस्ट पैदा करने के लिए उसकी प्लेट में कम मात्रा सर्व करें। प्रयास कर उसे आकर्षक बनाएं। हो सकता है धीरे धीरे उस स्वाद को पसंद कर ज्यादा खाना शुरू कर दें।

उनकी प्लेट में जो भी परोसें, वही सब अपनी प्लेट में भी परोसें। जब बच्चा स्वयं खाने वाला हो जाए तो उसके साथ बैठकर वही खाएं जो वह खा रहा है। अगर छोटा है तो अपनी प्लेट में भी वही डालकर साथ में रखें ताकि बच्चा समझ सके कि यही खाने में बना है।

बच्चों के लिए थोड़ी कलरफुल क्राकरी रखें ताकि बच्चे एक ही बर्तन में खाकर बोर न हो। हो सके तो प्लेट गोल चोकोर खरीदें।

छुट्टी वाले दिन कोई एक चीज बनाते समय बच्चे की मदद लें ताकि उसे जिज्ञासा हो कि कैसे बनाया जाता है। इसी प्रकार फ्रूट काटने में भी मदद लें। कभी राउंड स्लाइस, कभी छोटे टुकड़ों में, कभी लंबे टुकड़ों में फ्रूट काटकर दें। खाने में या फ्रूट सलाद में उनसे नमक, चाट मसाला, कालीमिर्च पाउडर डलवाएं ताकि उन्हें स्वाद चेक करने की इच्छा हो कि कैसा बना है।


बच्चों को भूख लगने पर ही खाने को दें ताकि भूख के सिगनल को समझ सकें और खाने के बाद पेट भरने के सिंगनल को। जब बच्चे को भूख लगी हो तो वह खाने से समझौता आसानी से कर लेते हैं।

बच्चों को छोटी उम्र से ही सिखाना जरूरी है कि वो भूख के सिगनल को पहचान सके। अगर आप थोड़ी थोड़ी देर में उसे खुद खाने को देते रहेंगे तो उसे भूख का सिगनल समझ नहीं आएगा और नखरे अधिक करेगा।

बच्चों को कलरफुल सब्जियां बना कर दें, इसी प्रकार परांठा, पूड़ी, रोटी भी सब्जियों को पीसकर आटा गूंथ कर दें ताकि उनका आकर्षण खाने में बढ़े।

किशोरावस्था में लड़के तथा लड़कियों को बाहर के खाने का स्वाद अधिक पड़ जाता है। लड़कियों को उनकी ब्यूटी बरकरार रखने के लिए हैल्दी फूड के बारे में उन्हें बताएं और पीरियड्स में हुए ब्लड लॉस को पूरा करने के लिए हेल्दी खाना ही बेहतर आप्शन होता है। लड़कों को स्ट्रांग बॉडी बनाने के लिए हेल्दी फूड ही उनके लिए बेहतर है, उन्हें बताएं। (उर्वशी)

# अपने होंठ गुलाब की तरह बनाएं



गुरिन्द्र भरतगढ़िया

आपके होंठ भी गुलाब की तरह खिलखिला सकते हैं बशर्ते आप इन्हें लापरवाही से न लें। होंठों के आकर्षक दिखने के लिए उनका गुलाबी, पतले और चिकना होना जरूरी है मगर जरा सी लापरवाही से ये काले तथा पपड़ीदार हो जाते हैं।

इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे घटिया लिपस्टिक का इसतेमाल, रात को लिपस्टिक साफ न करना, उचित आहार-विहार न होना इत्यादि। होंठों का उचित श्रृंगार तभी संभव है जब ये शुष्क या कटे-फटे न हों, इसलिए होंठों के प्रति उदासीनता न बरतें।

❋ यदि होंठ शुष्क या फटे हों तो उन पर थोड़ा सा शुद्ध देसी घी लगाएं। होंठों को बार बार खुरचें या कुतरें नहीं इससे खून निकलने लगता है और दाग भी बन जाते है। देसी घी न हो तो ग्लिसरीन या वैसलीन का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

❋ यदि आपके होंठ किसी वजह से काले पड़ जाएं तो रात को सोने से पूर्व इन्हें गीली रूई के फाहे से साफ कर एक चौथाई चम्मच मलाई में नींबू मिलाकर उन पर लगाएं। कुछ दिनों तक लिपस्टिक भी न लगाएं।

❋ लिपस्टिक का चयन भी सावधानी से करें। अपनी त्वचा के अनुरूप शेड का चयन कर होंठों को संवारें तो आप अधिक आकर्षक लगेंगी। गौरवर्ण की महिलाएं हल्के तथा गुलाबी रंग और प्रौढ़ महिलाएं ब्लू रेड लिपस्टिक में अधिक अच्छी लगती हैं।

❋ एक बार में एक ही रंग की लिपस्टिक लगाएं। कई रंगों की लिपस्टिक प्रयोग करने से सुंदरता नष्ट हो जाती है।

❋ होंठों को आकर्षक बनाने के लिए हमेशा हल्का मेकअप करें। अधिक या बिल्कुल भी मेकअप न करना उचित नहीं रहता।

❋ लिपस्टिक को होंठों पर पोतकर फूहड़ता का परिचय न दें बल्कि उसे सलीके से व कलात्मक ढंग से सजाएं।

❋ रात को सोने से पहले लिपस्टिक को आवश्यक रूप से साफ कर दें। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर

# पीनट बटर




भागदौड़ भरी जिंदगी में हर दिन अलग और हेल्दी स्नैक्स झटपट बनाना आसान नहीं होता, ऐसे में लोग बाजार की चीजों को भी शामिल करते हैं जैसे पीनट बटर। पीनट बटर सिर्फ जिम जाने वालों का ही नहीं, बल्कि बच्चों, युवाओं और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने वाले लोगों का भी पसंदीदा फूड बन चुका है। यह प्रोटीन, हेल्दी फैट, फाइबर और कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

अगर आप शुद्ध, ताजा और अपनी पसंद के स्वाद वाला पीनट बटर खाना चाहते हैं, तो इसे घर पर बनाना सबसे आसान और किफायती तरीका है। इसे बनाने के लिए आपको केवल कुछ साधारण सामग्री और एक मिक्सर की जरूरत होगी। मात्र 10-15 मिनट में तैयार होने वाला यह होममेड पीनट बटर स्वाद में बाजार जैसा ही होता है, बल्कि कई मामलों में उससे भी बेहतर साबित होता है।

यहां जानिए घर पर पीनट बटर बनाने की आसान विधि, जरूरी सामग्री, स्वाद बढ़ाने के टिप्स। साथ ही ये भी जानिए कि इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने का सही तरीका क्या है। लेकिन सबसे पहले जानिए पीनट बटर के फायदे।

पीनट बटर में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, हेल्दी फैट, विटामिन ए, मैग्नीशियम और फाइबर पाया जाता है।

यह लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है।

पीनट बटर ऊर्जा देता है।

मांसपेशियों की रिकवरी में भी सहायक माना जाता है।

सीमित मात्रा में इसका सेवन वजन प्रबंधन और संतुलित आहार का हिस्सा बन सकता है।



### पीनट बटर बनाने के लिए आवश्यक सामग्री

2 कप भुनी हुई मूंगफली

1 चम्मच मूंगफली का तेल या ऑलिव ऑयल

आधा चम्मच नमक

1-2 चम्मच शहद (वैकल्पिक)

आधा चम्मच दालचीनी पाउडर (वैकल्पिक)

### घर पर पीनट बटर बनाने की आसान विधि

**स्टेप 1-** भुनी हुई मूंगफली को मिक्सर जार में डालकर पहले मोटा पीस लें।

**स्टेप 2-** इसके बाद लगातार 5-7 मिनट तक ब्लेंड करें।

**स्टेप 3-** मूंगफली से प्राकृतिक तेल निकलने लगेगा और मिश्रण धीरे-धीरे क्रीमी बन जाएगा।

**स्टेप 4-** अब इसमें नमक, शहद और थोड़ा तेल डालकर दोबारा ब्लेंड करें।

**स्टेप 5-** जब मिश्रण पूरी तरह स्मूद हो जाए, तब इसे कांच के साफ जार में भर लें।

### स्वाद बढ़ाने के आसान टिप्स

अगर आप अलग-अलग फ्लेवर पसंद करते हैं तो इसमें कुछ चीजों को शामिल कर सकते हैं। जैसे,

डार्क चॉकलेट

कोको पाउडर

दालचीनी

शहद

थोड़ा-सा वनीला

वहीं क्रंची पीनट बटर के लिए अंत में थोड़ी दरदरी कुटी मूंगफली मिलाएं।

इसे ब्रेड, रोटी, स्मूदी, ओट्स या फलों के साथ भी खाया जा सकता है।

### कितने दिनों तक स्टोर कर सकते हैं?

घर पर बना पीनट बटर एयरटाइट कांच के जार में भरकर फ्रिज में रखें।

यह सामान्यतः 3 से 4 सप्ताह तक अच्छी गुणवत्ता में रहता है।

यदि इसमें पानी न जाए और हमेशा सूखे चम्मच का उपयोग किया जाए, तो इसकी ताजगी लंबे समय तक बनी रहती है।

